

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 4 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 89 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ छात्रवृत्ति योजनाओं का कम उपयोग चिंता का विषय

शतकों का शतक जड़ सकते हैं विराट: गावस्कर ◂◂ 6


# झारखंड विस सत्र : वित्त मंत्री ने सदन में 7721.25 करोड़ का अनुपूरक बजट किया पेश



**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 7721.25 करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इस दौरान बीजेपी विधायक छात्रवृत्ति भुगतान तथा धान अधिप्राप्ति में देरी का विरोध कर रहे थे। भाजपा विधायकों ने सभा सचिव का टेबल थपथपाया, ताली बजाई।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शून्यकाल की सूचनाओं से अधिक महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति और धान खरीद का मामला है। यह मामला बच्चों, नौजवान और किसानों के हितों से जुड़ा है, इसलिए सभी कार्यों को छोड़कर इनपर चर्चा हो। इससे महत्वपूर्ण और कोई विषय नहीं है।

विधानसभा शुरू होते ही शुरू हुआ हंगामाः विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था। वह आसन के समक्ष पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। जवाब में सत्ता पक्ष के विधायक भी आसन के समक्ष पहुंचे। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## मांगों को लेकर विपक्ष ने सदन के बाहर जमकर की नारेबाजी



**रांचीः** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में विपक्ष ने सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की । हाथों में तख्ती लिए छात्रवृत्ति, किसानों के धान खरीद का समर्थन मूल्य 3200 रुपये करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी, आजसू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधायकों ने जमकर नारेबाजी की

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे विधायकों ने राज्य के छात्रों को कई महीनों से छात्रवृत्ति नहीं मिलने के लिए दोषी मानते हुए सरकार से अतिशीघ्र भुगतान करने की मांग कर रहे थे । साथ ही किसानों से किए गए वादे को पूरा करने के लिए विपक्ष धान खरीद के समर्थन मूल्य 3200 रुपये करने का दबाव बनाते नजर आए ।

**सरकार से किसान और छात्र दोनों परेशान हैंः** नीरा यादव विधानसभा परिसर में नारेबाजी कर रहे भाजपा विधायक सरकार पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज के समय किसान और छात्र बेहद ही परेशान हैं । भाजपा विधायक नीरा यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को धान खरीद का समर्थन मूल्य बढ़ाने का वादा किया गया था । आज 3200 रुपया प्रति क्विंटल धान खरीद करने का वादा सरकार भूल गई । जिस कारण से किसान औने पौने दाम में धान बिचौलियों को बेचने को मजबूर हो रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि इसी तरह राज्य के छात्र भी बेहद परेशान हैं । छात्रवृत्ति की राशि कई महीनो से नहीं मिलने के कारण एससी एसटी वर्ग के छात्रों को काफी परेशानी हो रही है, मगर सरकार इनकी सुनने वाली नहीं है । वहीं, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से फेल है । छात्रों के साथ-साथ किसान भी यहां परेशान हैं और यह मुद्दा सदन के अंदर और बाहर विपक्ष उठाता रहेगा ।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**गिरिडीह :** जिले में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के जगसीमर का है। परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि उपेंद्र यादव बीते देर शाम चतरो बाजार से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उनकी हत्या कर दी गई। वहीं, दूसरी ओर यह भी बताया जा रहा है कि उपेंद्र यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम किया। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस पता लगाने में जुट गई है कि युवक की सड़क हादसे में मौत हुई है या किसी ने हत्या की है।

## इंडिगो संकट पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा- 'सरकार देख रही है मामला'



**नई दिल्लीः** इंडिगो की उड़ानें लगातार सातवें दिन भी बड़ी संख्या में रद्द हो रही है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका लगाकर दखल देने का आग्रह किया गया था। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने इस मामले का संज्ञान लिया है और कार्रवाई कर रही है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम जानते हैं कि लाखों लोग फंसे हुए हैं। हो सकता है कि उनमें से कुछ लोगों का जरूरी काम हो और वे नहीं कर पा रहे हो। लेकिन भारत सरकार ने इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। समय पर कदम उठाया गया है। अभी हमें कोई तात्कालिकता नहीं आती है।

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सुबह आठ बजे तक इंडिगो की 18 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों का आगमन और नौ का प्रस्थान शामिल था। हालांकि, हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा कि टर्मिनल और रनवे का संचालन सामान्य रूप से चल रहा है और यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। इस दौरान 21 इंडिगो की उड़ानें चलीं, जिनमें सात का आगमन और 14 का प्रस्थान शामिल था।

बंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईएएल) पर इंडिगो की कुल 127 उड़ानें रद्द की गईं। इससे 65 आगमन और 62 प्रस्थान की उड़ानें प्रभावित हुईं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर भी गंभीर असर पड़ा। हवाई अड्डा प्राधिकरण के मुताबिक, यहां अभी तक इंडिगो की 77 उड़ानें रद्द हुई हैं, जिनमें 38 आगमन और 39 प्रस्थान की उड़ाने शामिल थीं।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर इंडिगो की सबसे अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं। कुल 134 उड़ानें रद्द की गईं। इनमें 75 प्रस्थान और 59 आगमन की उड़ानें शामिल थीं।

इस बीच, चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और गुजरात के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, असम के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरडोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री टर्मिनल में फंसे हुए हैं और अपनी उड़ानों के अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी इंडिगो की कई उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें हैदराबाद, चेन्नई और दिल्ली के लिए उड़ानें शामिल थीं। हालांकि, हवाई अड्डा प्राधिकरण ने पुष्टि की कि स्थिति सामान्य है और उड़ाने रद्द होने के बावजूद यात्रियों को कोई बड़ी समस्या नहीं हुई।

आईजीआई ने जारी की एडवाइजरीः आज सुबह देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर इंडिगो की उड़ानों में लगातार देरी और उड़ान रद्द होने के बीच आईजीआई ने यात्रियों के लिए एक नई एडवाइजरी जारी की। इसमें यात्रियों से कहा गया कि वे हवाई अड्डे तक जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जरूर जांच लें।

### वंदे मातरम् पर लोकसभा में चर्चा

## जब वंदे मातरम् के 100 साल पूरे हुए थे तब संविधान का गला घोंट दिया गया था: प्रधानमंत्री



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया और 1975 में लगाए गए आपातकाल का हवाला देते हुए कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था। उन्होंने सदन में, राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर आयोजित विशेष चर्चा की शुरूआत करते हुए यह भी कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन का स्वर बन गया था, हर भारतीय का संकल्प बन गया था।

मोदी ने कहा, जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और हम सभी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।" उन्होंने कहा, वंदे मातरम् की 150 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष हुए थे, तब देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था।

जब वंदे मातरम् के 100 वर्ष हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और जब वंदे मातरम् का अत्यंत उत्तम पर्व होना चाहिए था, तब भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था।" प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वंदे मातरम् के 100 वर्ष हुए, तब देशभक्ति के लिए जीने-मरने वाले लोगों को जेल की सलाखों के पीछे बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा, जिस वंदे मातरम् गीत ने देश को आजादी की ऊर्जा दी थी, उसके 100 वर्ष पूरे होने पर हमारे इतिहास का एक काला कालखंड दुर्भाग्य से उजागर हो गया।"

## 500 करोड़ में सीएम बनाती है कांग्रेस? नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी ने प्रियंका गांधी को लेकर क्या दावा किया



**नई दिल्लीः** क्या कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद तभी मिलता है जब पार्टी को 500 करोड़ की अटैची पकड़ाई जाए। पार्टी पर यह आरोप लगाने वाली नवजोत कौर सिद्धू हैं। नवजोर कौर पंजाब विधानसभा की पूर्व सदस्य कांग्रेस नेता और क्रिकेटर लीडर नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी हैं। कांग्रेस से पहले नवजोत कौर बीजेपी के नेता रह चुकी हैं। इनके पति नवजोत सिंह सिद्धू खुद भी बीजेपी के नेता रह चुके हैं। लेकिन अब दोनों कांग्रेस में हैं। सिद्धू पर बात करते हुए नवजोत कौर ने दावा किया कि सिद्धू का कांग्रेस के प्रति लगाव तो बहुत है लेकिन उन्हें कभी मुख्यमंत्री पद नहीं मिलेगा। मीडिया ने सवाल किया क्यों नहीं मिलेगा? जवाब में नवजोत बोली मुख्यमंत्री बनने के लिए 500 करोड़ लगते हैं और हमारे पास देने के लिए इतने पैसे नहीं हैं। इसी के साथ सिद्धू के वापस बीजेपी जाने के सवाल पर नवजोत ने कहा कि मैं खुल के बोलती हूं वो कांग्रेस के साथ अटैच्ड है। बहुत ज्यादा उनको प्रियंका के साथ अटैचमेंट है। पर मुझे इतनी इनफैक्टिंग में लग नहीं रहा कि कहीं भी नवजोत सिद्धू को ये प्रमोट होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि उनकी टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में नेताओं से लेकर कार्यकताओं तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री बनने के बारे में तभी सोच सकता है जब उसके सूटकेस में 500 करोड़ रुपये हों। कांग्रेस पूरी तरह से भ्रष्ट आचरण में डूबी हुई है। पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनके दावे को कांग्रेस के लेन-देन की राजनीति के इतिहास से जोड़ा।

# रेलवे का नया नियमः ब्लॉगिंग और वीडियोग्राफी पर लगा बैन, उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

### सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखना उद्देश्य



**संवाददाता**

**रांचीः** रेलवे प्रशासन ने ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने, ब्लॉगिंग करने और किसी भी प्रकार का कंटेंट तैयार करने पर सख्त नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है।

प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, गार्डेन रीच, कोलकाता की ओर से आदेश जारी करते हुए कहा है कि ड्यूटी समय में ऐसी गतिविधियां न केवल गंभीर सेवा-आचरण का उल्लंघन हैं, बल्कि सुरक्षा और गोपनीयता के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है।

आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि रेलवे के किसी भी परिसर जैसे स्टेशन, कार्यशाला, कंट्रोल रूम, कार्यालय, ट्रेन, यार्ड या किसी भी प्रतिबंधित क्षेत्र में ब्लॉगिंग, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी या इंटरनेट मीडिया के लिए किसी भी प्रकार की रिकॉर्डिंग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

रेलवे प्रशासन का कहना है कि कुछ कर्मचारी ड्यूटी के दौरान ट्रेन संचालन, मेंटेनेंस, सुरक्षा व्यवस्थाओं और संवेदनशील परिसरों के वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रहे थे, जिससे रेलवे की पेशेवर छवि प्रभावित हो रही थी और सुरक्षा प्रोटोकाल भी खतरे में पड़ रहे थे।

मोबाइल फोन के उपयोग पर भी है सख्तीः निर्देश में यह भी जोड़ा गया है कि व्यक्तिगत मोबाइल फोन का उपयोग केवल आवश्यक संचार के लिए है और वह भी निर्धारित ब्रेक समय में ही किया जा सकेगा। ड्यूटी पर रहते हुए मोबाइल फोन से कंटेंट शूट करना, उसे संपादित करना या किसी भी प्लेटफार्म पर साझा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

रेलवे के आधिकारिक उपकरणों, कंप्यूटर, इंटरनेट या संसाधनों का उपयोग करते हुए किसी भी सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण को भी गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

**नियंत्रक अधिकारियों को कड़ा निर्देशः** आदेश में सभी नियंत्रक अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और विभागीय प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके अधीन कार्यरत कर्मचारी इन प्रावधानों का बिना किसी अपवाद के पालन करें।

उन्हें यह भी निर्देशित किया गया है कि कर्मचारियों को इस नियमावली के प्रति जागरूक करें और नियमित मानिटरिंग की व्यवस्था रखें।

उल्लंघन पर होगी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाईः रेलवे ने साफ चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ रेलवे नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें निलंबन, चार्जशीट, वेतन कटौती, सेवा अभिलेख में प्रतिकूल टिप्पणी से लेकर अन्य कठोर दंड भी शामिल हो सकते हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कदम रेलवे परिसरों की सुरक्षा, परिचालन की गोपनीयता और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। आदेश के बाद संबंधित विभागों में सख्ती बढ़ा दी गई है

# गोवा क्लब हादसे में झारखंड के तीन युवकों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

संवाददाता

**रांची :** गोवा के अरपोरा इलाके में एक रेस्टोरेंट (नाइट क्लब) में शनिवार देर रात लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। इनमें झारखंड के तीन युवक भी शामिल हैं, जो पिछले कुछ महीनों से गोवा में कुक का काम कर रहे थे।

मरने वालों की पहचान

प्रदीप महतो (24) : फतेहपुर गांव, प्रखंड लापुंग, रांची,

विनोद महतो (22) : फतेहपुर गांव, प्रखंड लापुंग, रांची

मोहित मंडा (22) : गोविंदपुर गांव, कर्रा प्रखंड, खूंटी

हाल ही में रोजगार की तलाश में गए थे गोवाः मृतकों के रिश्तेदार नारायण माथुर ने बताया कि दो युवक उनके भतीजे थे और हादसे के समय वे किचन में काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सुबह घटना की सूचना मिली। इस हादसे में एक पड़ोसी की भी जान चली गई। तीनों रोजगार की तलाश में हाल ही में गोवा गए थे और नाइट क्लब में एक साथ काम करते थे।

झारखंड सीएम ने जताया दुखः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे मृतकों के परिवारों के दुख में साझेदार हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हैं।



आग लगने के कारणों की जांच जारी : गोवा के अरपोरा नाइट क्लब में रात करीब 12 बजे अचानक आग लग गई, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई। अगलगी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल भेजा गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्लब में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी की गई थी। अधिकारी आग के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं। इस मामले में गोवा पुलिस ने अरपोरा नाइट क्लब के जनरल मैनेजर और 3 स्टाफ समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

गोवा सरकार के तत्कालीन सरपंच समेत तीन सीनियर अधिकारियों को 2023 में नाइट क्लब के लिए ट्रेड लाइसेंस जारी करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही तत्कालीन सरपंच को हिरासत में लिया गया है।

राज्य के पर्यटन इतिहास की सबसे



भयावह त्रासदी : सीएम

गोवा के मुख्यमंत्री ने इस घटना को राज्य के पर्यटन इतिहास की सबसे भयावह त्रासदी बताया है। उन्होंने कहा कि वे रात करीब 1:30 बजे मौके पर पहुंचे। फायर टीम ने लगभग 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया। कई लोग समय रहते बाहर निकल आए, लेकिन कुछ लोग अंदर ही फंस गए। सीएम ने आश्वासन दिया है कि जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# इलाज के बहाने महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**नौडीहा बाजार/छतरपुर (पलामू):** छतरपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ इलाज के बहाने दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने लिखित आवेदन में बताया कि वह अपने बच्चे के साथ ससुराल नौडीहाबाजार में रहती है, जबकि उसके पति बाहर काम करते हैं। बच्चे की तबीयत खराब होने पर वह अक्सर छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हुटगुगदाग स्थित झोलाछाप डॉक्टर संजय कुमार के क्लीनिक में इलाज कराने जाती थी।

छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत सिन्हा ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि बीते पांच दिसंबर को बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर पीड़िता संजय कुमार के क्लीनिक गई। आरोप है कि संजय कुमार ने बच्चे को देखकर कहा कि उसे सर्दी है और मशीन से भाप दिलाने के लिए क्लीनिक के बगल स्थित अपने घर में ले जाने को कहा। पीड़िता का आरोप है कि घर के अंदर ले जाकर संजय कुमार ने दरवाजा बंद कर उसके साथ बलात्कार किया और किसी को न बताने की धमकी भी दी। घटना के दो दिन बाद, सात दिसंबर को पीड़िता ने पूरी जानकारी पुलिस को दी।

उसके आवेदन पर छतरपुर थाना में कांड संख्या 245/25, दिनांक 07।12।25, धारा 64/352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसके बाद छतरपुर थाना पुलिस ने आरोपित नौडीहाबाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग रबदा निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

छापेमारी टीम में पुअनि सुशील उरांव, पुअनि सह अनुसंधानकर्ता इंद्रजीत राणा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# विस्फोट बाद छिटक कर खेत में आया पत्थर बाल- बाल बची धान काट रही महिलाएं


संवाददाता

**मुरी :** मुरी- उरंगढा नदी पर पुल बनाया जा रहा है। इस क्रम में नदी के लिए पत्थर तोड़ने के लिए विस्फोट किया गया। इस विस्फोट में अचानक पत्थर छिटक कर खेतों में चला गया। इससे खेतों में धान काट रही महिलाओं में अफरा- तफरी मच गयी। महिलाओं खेत से भागकर अपनी सुरक्षा की। फिर भी एक महिला को पीठ के पीछे चोट लग गयी। खेत के मालिक हरिहर महतो ने पुल के पास काम कर रहे लोगों को इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया। धान कटनी महिलाओं ने बताया कि बगैर सूचना दिए नदी के पत्थर को तोड़ने के लिए



विस्फोट किया गया। हम लोगो को सूचना दी गयी होती, तो हम लोग हट जाते। बड़े- बड़े पत्थर के टुकड़े खेतों में जहां- तहां गिरे हैं। किसी को लगने से बड़ी हादसा हो जाता। लापरवाही का नतीजा है कि यहां तक पत्थर तोड़े जाने की सूचना प्रशासन को भी नहीं है। ज्ञात हो कि बगल में रेलवे पुल है । रेल गाड़ी का आवागमन है। विस्फोट से रेलवे पुल को भी खतरा में डाला गया।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा दुकानों का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** गढ़वा जिले में चल रहे औषधि नियंत्रण अभियान के तहत रविवार को भवनाथपुर में ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने अमृत मेडिकल एजेंसी और सद्भावना अस्पताल के मेडिसिन काउंटर पर दवाओं की गुणवत्ता, बिल, स्टाक रजिस्टर और अन्य अनिवार्य दस्तावेजों की गहन जांच की। अभियान में भवनाथपुर थाना के पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, एसआई परवेज आलम, एएसआई उपेंद्र राम सहित पुलिस बल शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान दवाओं के सैंपल लिए गए, वहीं दुकानों से संबंधित खरीद-बिक्री रजिस्टर, लाइसेंस, दवा भंडारण स्थिति और आवश्यक कागजातों की भी पड़ताल की गई। कई बिंदुओं पर दस्तावेज अधूरे पाए जाने की सूचना है।

हालांकि, पूछे जाने पर ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने किसी भी टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि यह जांच कोर्ट के आदेश पर की जा रही है और इसकी पूरी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे निरीक्षण अभियान पूरे सभी जिले में चलाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और मानक दवाइयां उपलब्ध कराना है।

इधर ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा औचक निरीक्षण की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर बाजार में हड़कंप मच गया। बाजार की एक तिहाई से अधिक दवा दुकान, पैथोलॉजी लैब, नर्सिंग होम, वैध-अवैध क्लीनिक और कई बिना रजिस्ट्रेशन संचालित दुकानों ने फौरन शटर गिराकर दुकान बंद कर दी।

# जेपी नड्डा से मिले किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे



संवाददाता

**देवघर :** बाबा बैद्यनाथ की पावन भूमि देवघर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'कार्यकर्ता सम्मेलन' में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे शामिल हुए। इस अवसर अजय दुबे की मुलाकात राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दरम्यान श्री नड्डा ने अजय दुबे को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अजय दुबे ने उनका अभिवादन करते हुए दिल से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारा सर्वस्व जीवन भाजपा एवं राष्ट्र हित में कार्य करने के लिए समर्पित है। यह जानकारी झारखंड भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

# रांची सहित कई जिलों में हर दिन चल रहा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची और कोयला नगरी धनबाद, लातेहार समेत झारखंड के कई जिलों में हर दिन पुलिस एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे दैनिक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान ने आम नागरिकों के बीच सुरक्षा की भावना को काफी मजबूत किया है। जिले के एसएसपी व एसपी के निर्देश पर यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर रोक और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

हर दिन शाम से देर रात तक चलाया जा रहा है अभियानः एंटी क्राइम चेकिंग अभियान अब केवल विशेष अवसरों पर नहीं, बल्कि हर दिन शाम से देर रात तक चलाया जा रहा है। पुलिस टीम मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नेशनल हाईवे और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों में



सघन जांच कर रही है। अभियान के दौरान हजारों दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट वाले, फर्जी या संशोधित नंबर वाले और बिना वैध दस्तावेजों वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी पहचान की पुष्टि कर रही है। उनके पहचान पत्र और मोबाइल की भी जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों और अन्य मामलों में वैधानिक कार्रवाई की गई है, जिससे अपराधियों और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बना रहे।वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चल रहा अभियानः सिटी, ग्रामीण, ट्रैफिक एसपी, डीएसपी और एसडीपीओ स्तर के अधिकारी लगातार क्षेत्रों का दौरा कर अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के नियमित अभियान से न सिर्फ अपराधों को रोकने में मदद मिल रही है, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ा है। राहगीरों और वाहन चालकों को भी सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। अभियान के दौरान पुलिस को सफलता भी मिली है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जेसीएमयू का कार्यकर्ता सम्मेलन 10 को

**पिपरवारः** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय समिति की बैठक बेंती में रविवार को परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता में हुई। इसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से 10 दिसंबर को पिपरवार में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 35 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। बैठक में केंद्र सरकार के चार लेबर कोड कानून का विरोध करने का भी निर्णय लिया गया। संचालन इकबाल हुसैन ने किया। मौके पर रामचंद्र उरांव, अर्जुन गंझू, गणेश भुइयां, मथुरा मंडल, वीरू मुंडा, अजय राम, शंकर मुंडा, सुनील उरांव, हीरालाल उरांव, रंथू महतो, रघुनाथ प्रजापति, चरका गंझू, अनिल राम, जुगल सिंह, इलियास टाना भगत, कामेश्वर गंझू, सुभाष महतो, भीम साव, संदीप महतो, राजू साहू, बसंत उरांव, ललन करमाली, अजमल, संजीव महतो, प्रदीप महतो, मुकेश साहू, आदित्य महतो, कलुआ उरांव, नरेश गंझू, संतोष उरांव, सैफुल्लाह व अन्य उपस्थित थे।

### आलू- प्याज सस्ता, हरी सब्जियां हुई महंगी



**मुरी :** मुरी में कल आलू 10 रुपए किलो बिका। जबकि बाकी सारी सब्जियां महंगी बिकी।

### एनडीआरएफ ने धनबाद में जहरीले गैस रिसाव का आकलन किया शुरू



**धनबाद :** भूमिगत कोयला खदानों से जहरीले गैस के रिसाव को लेकर स्थानीय लोगों के विरोध के बीच रांची से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम स्थिति का आकलन करने धनबाद पहुंची।

टीम ने केंदुआडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की पुटकी-बालिहारी कोलियरी इलाके में स्थित राजपूत बस्ती का दौरा किया, जो जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर है। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद एनडीआरएफ कर्मियों ने वहां मौजूद पत्रकारों के साथ किसी तरह की जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।

केंदुआडीह के थाना प्रभारी प्रबोध पांडे ने कहा, टीम गैस रिसाव के स्तर, उत्सर्जित होने वाली गैस के प्रकार और इसे कम करने के तरीकों का आकलन कर रही है।'' बता दें कि राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला, नया धौड़ा, ऑफिसर कॉलोनी और पांच नंबर बस्ती में गैस का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा ने प्रशासनिक टीम के साथ निरीक्षण के बाद कहा कि राजपूत बस्ती का क्षेत्र बेहद खतरनाक घोषित किया गया है।

### देवघर एम्स के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव, जांच में जुटी पुलिस

**देवघर :** जिले के देवीपुर प्रखंड स्थित शंकरपुर-गिद्धिया के बीच एम्स के पास पुलिस को एक अधजला शव मिला है। शव मिलने से आसपास के लोग सहमे हुए हैं। शंकरपुर-गिद्धिया के बीच सड़क किनारे फैले जंगल में अधजली हालत में शव फेंका हुआ था। स्थानीय लोगों की नजर जब इस अधजले शव पर पड़ी तो लोगों ने मौके पर देवीपुर थाने को सूचित किया। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

आनन-फानन में शव को जलाने की कोशिशः एसडीपीओ

इम मौके पर एसडीपीओ अशोक सिंह ने कहा कि शव की स्थिति को देखने के बाद प्रारंभिक जांच से यही पता चल रहा है कि बाहर से लाकर किसी ने शव को यहां फेंक दिया है। एसडीपीओ ने कहा कि यहां पर फेंकने के बाद उसे जलाने का प्रयास किया गया है ताकि सबूत मिटाया जा सके। लेकिन आनन-फानन या किसी के डर से शव को आधा जला हुआ छोड़कर अपराधी भाग गए हैं।

शव ज्यादा जलने से पहचान पाने में मुश्किल

पुलिस ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव काफी हद तक जल चुका है, चेहरे के माध्यम से पहचान पाना मुश्किल है। शव की पहचान के लिए पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की दर्ज रिपोर्ट खंगाल रही है। इसके साथ ही आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

### जीवन को नई दृष्टि देती है भगवद्गीता: डॉ संजय मालपाणी

**रांची :** गीता परिवार की ओर से रविवार को रांची विश्वविद्यालय परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में गीता मैत्री मिलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्य के सैकड़ों साधकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षक प्रस्तुति संगीतमय गीता पारायण रही। इसका सुंदर गायन ह्यलर्न गीताह्ल कार्यक्रम की संचालिका ज्योति शुक्ला एवं कविता वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गीता परिवार झारखंड टीम ने अनुशासित वातावरण में किया, जिसकी तैयारियों में लगभग 100 कार्यकर्ता डेढ़ महीने से लगे थे। डॉ. संजय मालपाणी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवद्गीता हमारे जीवन को नई दृष्टि देती है।यह विपरीत परिस्थितियों के क्रम में मिली चुनौतियों में स्थिरता, संबंधों में समत्व और कर्म में दक्षता का ज्ञान देती है। उन्होंने इसे युवाओं के लिए काफी प्रेरणाप्रद बताया। आशा साबू ने गीता परिवार के ह्यलर्न गीताह्ल की वैश्विक गतिविधियों, बाल-संस्कार अभियान एवं युवा मार्गदर्शन कार्यक्रमों का परिचय देते हुए झारखंड टीम की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल से संदीप सोमानी एवं अशोक साबू उपस्थित रहे। भविष्य की योजना और नई टीम गीता परिवार की ओर से यह बताया गया कि आगामी समय में ऐसे ही गीता के कार्यक्रम, बाल-संस्कार शिविर, युवा प्रेरक सत्र व गीता अध्ययन समूह झारखंड में नियमित रूप से आरंभ किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक परिवार गीता-सद्भाव से जुड़ सकें।

# श्रवण जालान के ठिकानों पर एसीबी की रेड, विनय चौबे से है कनेक्शन




मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। सोमवार को एसीबी की टीम ने एक बार फिर एक्शन मोड में आते हुए राज्य के चर्चित व्यवसायी श्रवण जालान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने श्रवण जालान के आवास, कार्यालय और उनसे जुड़े अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है।

एसीबी सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे से जुड़े शराब घोटाला मामले से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

अरगोड़ा स्थित प्रतिष्ठान पर भी एसीबी की दबिशः एसीबी की टीमें रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित श्रवण जालान के प्रतिष्ठान राणी सती प्लाई एंड डेकोर पर भी पहुंची हैं। यहां दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और निवेश से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि एजेंसी की नजर उन सभी कागजातों पर है, जिनके जरिए कथित तौर पर अवैध पैसे को वैध निवेश के रूप में घुमाया गया।

## निलंबित आईएएस विनय चौबे ने ससुर के नाम पर अशोक नगर में खरीदा है मकान



रांची : निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने अशोक नगर में एसएन त्रिवेदी के नाम पर खरीदे गये मकान का भुगतान किया था। एसएन त्रिवेदी सेवानिवृत कक्ष अधिकारी हैं। वह विनय चौबे के ससुर भी हैं। विनय चौबे से जुड़े मामलों की जांच के दौरान इस खरीद से संबंधित ब्योरा जांच एजेंसियों को मिला है। इस बीच विनय चौबे की विदेश यात्राओं के सिलसिले में भी जांच तेज कर दी गयी है। ट्रैवल एजेंसियों से इससे संबंधित ब्योरे की मांग की गयी है। शराब और जमीन घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के दौरान एसएन त्रिवेदी के नाम पर अशोक नगर में मकान खरीदने से संबंधित जानकारी मिली है। जांच में पाया गया है कि एनआरआई अमिताभ नारायण से 28 जुलाई 2021 को इस जमीन को खरीदा गया है। जमीन का क्षेत्रफल करीब 20 डिसमिल है और खरीद बिक्री से संबंधित सेल डीड का नंबर 4932 है। अमिताभ फिलहल वरअ में रहते हैं। उनके पिता का नाम स्वर्गीय पांडेय सुरेंद्र नारायण है।

खरीद से संबंधित प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया है कि जमीन के बदले करीब तीन करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। विक्रेता अमिताभ नारायण को जमीन के बदले रकम का भुगतान विनय चौबे और उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता के खाते से किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

विनय चौबे और उनके पारिवारिक सदस्यों की विदेश यात्रा से जुड़े मामलों की जांच के दौरान यह पाया गया है कि वर्ष 2023 में चौबे के पारिवारिक सदस्यों ने इटली की यात्रा की थी। इसके अलावा भी विनय चौबे के पारिवारिक सदस्यों की एक नियमित अंतराल पर विदेश यात्रा से संबंधित ब्योरे मिले हैं।

जांच में पाया गया है कि एक बार चौबे के परिवार ने दुबई की यात्रा के लिए टिकट बनवाया था। लेकिन यात्रा करने के बदले टिकट को रद्द करा दिया और पैसे वापस ले लिये। चौबे व पारिवारिक सदस्यों की विदेश यात्राओं के लिए खरीदे गये टिकटों और भुगतान की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी लेने के लिए ट्रैवल एजेंसियों को पत्र लिखा गया है।

### रांची में जीसा की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

# संगठन के पुर्नगठन और विस्तार पर हुई चर्चा



मेट्रो रेज

**रांचीः** एचएम पब्लिक स्कूल लोअर चुटिया रांची में झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस जीसा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने की एवं संचालन झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एचएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य व बैठक आयोजनकर्ता अरविंद कुमार ने किया।

विदित हो कि आज की बैठक 18 नवंबर को उच्च न्यायालय झारखंड के निर्देश के आलोक में भावी रणनीति पर विचार विमर्श के साथ संगठन के पुनर्गठन और विस्तार पर केंद्रित था।

बैठक में सर्वप्रथम जीसा के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ किया गया जहां जीसा के वरीय उपाध्यक्ष प्रवीण दुबे व मुकदमा दायरकर्ता ने विस्तार पूर्वक वस्तु स्थिति से अवगत कराया। जबकि राज्य के बारह जिलों से है दर्जनों विद्यालय संचालकों और सदस्यों ने उक्त बैठक से संबंधित अपने सुझाव और विचारों को व्यक्त करते हुए जीसा पर भरोसा व्यक्त करते हुए नेतृत्वकर्ता का पूरजोर समर्थन किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने सर्वप्रथम माननीय उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा राज्य सरकार की करवाई पर स्टे लगाए जाने के निर्देश को एसोसिएशन की जीत बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी लोगों के विचारों को जाना।

उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय जाने की स्थिति पर बड़े और नामी वकील से विचार विमर्श करने का सुझाव देते हुए वर्तमान स्थिति में उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर सजग रहते हुए आर्थिक और मानसिक रूप के साथ शारीरिक रूप से भी सहयोग का सुझाव दिया। बैठक में अविनाश वर्मा ने सभी प्रमंडलों से दो-दो नाम संस्था के लिए मांगे हैं जो एक संगठन विस्तार और एक सर्वोच्च न्यायालय से संबंधित कार्यों को मूर्त रूप देने का कार्य करेंगे साथ ही साथ उन्होंने नई व्हाट्सएप टीम बनाने का भी सुझाव दिया ताकि किसी भी प्रकार की सूचनाओं को त्वरित गति से साझा किया जा सके।

बैठक में अविनाश वर्मा ने एसोसिएशन के नए, पुराने सदस्यों को एक साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ बैठक समाप्त हुई जहां पलामू के वीरेंद्र दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बैठक में पलामू- से अजय श्रीवास्तव के अतिरिक्त रांची से - अमीन अंसारी, सुभाष कुमार, रणधीर कुमार कौशिक, मुकेश कुमार सिंह, शुभोजित अधिकारी,सच्चिदानंद कुमार, रंजीत खत्री, मसूद कक्षी, पीके रथ, आलोक पांडे, जीशान अख्तर, विनोद टोप्पो, मोहम्मद अर्शे, प्रीतम सिंह, प्रकाश महतो, सरोज बैक, मोहम्मद महताब अंसारी, विष्णु देव कुमार, हुजफ्फर अंसारी, सैयद अंसारी देवघर से - प्रेम कुमार, गौरीशंकर कुमार, रविंद्र कुमार ,खूंटी से - नीरज सिंह, अलता पांडे, गेरल बरला लोहरदगा से- एम आलम, ज्ञान गंगा सिंह धनबाद से - संजय चौबे, योगेश कुमार, सोमन घोष, चतरा से- मोहम्मद अफसर खान, शाकिर अहमद, आदित्य कुमार गुप्ता सचिंद्र पासवान, प्रदीप कुमार, मोहम्मद मुमताज आलम, हजारीबाग से- विनोद भगत, प्रभु दयाल कुशवाहा, एम एस महताब, गुमला से वीरेंद्र साहू, नीतीश कुमार, शेखर कुमार, प्रवीण कुमार साह, विजय कुमार, राजेश महतो, एमडी तस्वर, कुंवर कुमार, बोकारो से - श्याम रूप महतो, दिलीप महतो, जय राठौर, बैजनाथ महतो, तुलसी महतो, रूपल महतो, सतीश सिंह, बी आजाद, शंकर प्रसाद, रामगढ़ से- चितरंजन महतो, एम डी इरफान, एल चौधरी, कामेश्वर महतो, रामनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार, राजेश महतो दुमका से- कमलदेव कुमार, नंदकिशोर पांडे, आनंद कुमार संदीप कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फ्लावर अरेंजमेंट प्रतियोगिता






मेट्रो रेज

**रांचीः**आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची में इंटर हाउस फ्लावर अरेंजमेंट कंपटीशन का सफल आयोजन हुआ। छात्रों ने रंग-बिरंगे ताजे फूलों से आकर्षक और रचनात्मक अरेंजमेंट प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडली के रूप में निशा राय, मोहम्मद साबिर हुसैन तथा भावना कुमार थे ।विजेताओं का नाम इस प्रकार है।।

**ग्रुप अः** प्रथम पुरस्कार टैगोर सदन, द्वितीय पुरस्कार सरोजिनी नायडू सदन , तृतीय पुरस्कार मदर टेरेसा सदन,

**ग्रुप इः** प्रथम पुरस्कार सरोजिनी नायडू सदन, द्वितीय पुरस्कार मदर टेरेसा सदन, तृतीय पुरस्कार टैगोर सदन,

प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा, बच्चों ने फूलों की सुंदरता को अपनी कल्पनाशीलता से नए रूप में ढाला है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता और संवेदनशीलता दोनों को मजबूत करते हैं।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

**रांची :** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव फैला और मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। घटना के दौरान एक आरोपी पुलिस को देखकर भागते समय छत से कूद गया और उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। पुलिस के अनुसार, दोनों गुटों के बीच पहले से रंजिश चल रही थी और दोनों पक्षों ने पहले भी गोलीबारी जैसी वारदात को अंजाम दिया हैं। पुलिस अब भी मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी कर रही हैं।

## पढ़ो- लिखो देश का नाम रोशन करोः गुलाम मुस्तफा



**रांचीः** भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड रांची में मासूम बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों दिल लगाकर पढ़ो और देश का नाम रोशन करो । बड़े अफसर बनकर दिखाओ ।सभी बच्चों ने दिल लगाकर पढ़ने का वादा किया और पढ़ लिखकर देश का नाम रोशन करने की भी बात कही । गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के बीच हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत जल्द कंबल का वितरण किया जाएगा।

# मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न




मेट्रो रेज

**रांचीः** मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा द्वारा आयोजित मारवाड़ी बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन जैप इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप मे सिंगल्स में मोक्ष केजरीवाल ने हेमंत बियानी को हराकर सिंगल के चैंपियन बने वहीं डबल्स में गौरव पोद्दार और ऋषभ सेकारईया ने ललित केजरीवाल और मोक्ष केजरीवाल को हराकर डबल्स के चैंपियन बने। मिक्स डबल्स में रोहित शारदा और बीना शारदा ने सोनिक विजय एवं मनीषा विजय को हराकर चैंपियन बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप रांची के पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही झारखंड से बैडमिंटन में स्टेट और नेशनल लेवल पर खेलने वाले सागर बंजारा और शांभवी बर्मन को मंच के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया, मंच का संचालन रोहित शारदा धन्यवाद ज्ञापन बैडमिंटन चैंपियनशिप के संयोजक समर्थ तायल एवं आशीष मंगल ने किया, अतिथियों का स्वागत सचिव राघव शारदा कोषाध्यक्ष श्रीरामचंद्र अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष बालवीर जैन, कृष्ण कुमार पिलानिया ,संजय अग्रवाल ,राजीव केडिया ,मनीष खटोर ,विनय नाहटा, मयंक बेगानी, सौरव विजय सहित अन्य पदाधिकारी ने किया। बैडमिंटन टूर्नामेंट के सफल आयोजन में इनडोर स्टेडियम के कोच मनोज तिवारी एवं उनके सहयोगियों ने भी अपना योगदान रेफरी, कोर्ट बाय ,स्कोरर आदि में दिया। कार्यक्रम में सहयोगी की भूमिका में मंच की महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्रमिला सराफ, सचिव खुशबू शारदा पूर्व अध्यक्ष मधु पिलानिया, उर्मिला मोटानी, बिना शारदा, निर्मला अग्रवाल, वैष्णवी बंसल, माधुरी खटोड,पूजा शारदा सहित कार्यक्रम में श्याम प्रेमी विश्वनाथ नर्सरिया, प्रवीन मंगल प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा, वर्तमान प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष श्वेता भाला महामंत्री दीपक गोयंका मंडलिया उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल रांची शाखा के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल सचिव निकुंज पोद्दार स्पोर्ट मेंबर शुभम लोहिया प्रांतीय स्वास्थ्य संयोजिका रोजी खंडेलवाल, झारखंड फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, श्री राम भरत मिलाप समिति के संरक्षक बीके विजय, सरदार अशोक सिंह , देवराज बर्मन, प्रदीप वर्मा अमित गुप्ता, कुस विजय ,श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्याय समिति के सचिव हरि प्रसाद विजयवर्गीय, भारतीय जनता पार्टी डोरंडा मंडल की महिला अध्यक्ष अनीता मोथए, विनीता शर्मा, श्री चैती दुर्गा पूजा के संस्थापक सदस्य राकेश पाल, श्वेतांबर जैन रांची मंडल के अध्यक्ष विनय नाहटा सचिव संजय कोठारी, अग्रवाल युवा संघ के अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला महेश्वरी युवा संगठन के सदस्यों हेमंत चितलांगिया सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शाखा के सदस्य उपस्थित थे।

# 4 लाख 28 हजार की ठगी

**रांचीः** टाटीसिलवे के पॉल तिग्गा नामक व्यक्ति से 4 लाख 28 हजार रुपए की ठगी। यह ठगी एक फर्जी आरटीओ चालान के नाम पर भेजे गए अढङ लिंक के जरिए की गई। पीड़ित पॉल तिग्गा ने बताया कि उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में आरटीओ चालान नाम से एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजी गई थी। इसे वास्तविक चालान समझकर उन्होंने लिंक को खोल लिया। लिंक इंस्टॉल होते ही उनके बैंक खाते से बड़ी राशि गायब हो गई, घटना के बाद पॉल तिग्गा ने साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई हैं। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

# रिफंड नहीं मिलने पर इंडिगो के यात्रियों ने किया हंगामा

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रविवार को इंडिगो एयरलायंस के काउंटर पर यात्रियों ने जमकर बवाल काटा। उनका कहना था कि उन्हें अब तक रिफंड नहीं मिल पाया है। इस दौरान अन्य यात्री विमानों के रीशिड्यूल और रिफंड के लिए पूछताछ करते दिखे।

गहमागहमी का माहौल था। इंडिगो एयरलायंस के पटना-रांची-पटना विमान और बेंगलुरु-रांची-पुणे विमान रद रहे।

विनय कुमार (यात्री के पिता) ने कहा कि मेरी बेटी व नाती को बेंगलुरु जाना है। मैंने इंडिगो एयरलायंस के विमान में छह दिसंबर का टिकट बुक कराया था। अचानक विमान रद कर दिया गया। नाती का स्कूल छूट रहा है। बेटी शादी समारोह में आई थी। अब उसे भी अकारण रहना पड़ रहा है। मैं रीशिड्यूल के लिए आया था।

काफी जद्दोजहद के बाद मुझे 10 दिसंबर का टिकट दिया गया। आठ दिसंबर को चेन्नई के लिए वाया हैदराबाद का टिकट दिया जा रहा था, लेकिन इसमें मुझे परेशानी नजर आई।

ऐसा नहीं कि हैदराबाद जाएं और वहां सामान भी रख लें, जैसा कि अन्य यात्रियों के साथ किया जा रहा है। 10 दिसंबर को रांची से बेंगलुरु के लिए डायरेक्ट फ्लाइट है। इन दिनों कुछ इसी तरह की परेशानी से इंडिगो के यात्री गुजर रहे हैं।

तीन दिनों से होटल में रुका हूं, अब आठ को यात्रा की अनुमति

कैलाश सुखवाल, एक अन्य यात्री ने बताया कि उन्हें अहमदाबाद जाना है। उनका पांच दिसंबर का टिकट था, लेकिन पिछले तीन दिनों से होटल में रुका हूं। आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित इंडिगो एयरलायंस के काउंटर पर पहुंचा तो मेरा टिकट आठ दिसंबर के लिए रीशिड्यूल किया गया है। फिर भी यह कंफर्म नहीं किया गया कि आठ दिसंबर को रांची-अहमदाबाद विमान है या नहीं। आठ दिसंबर को ही यह कंफर्म हो पाएगा कि उस दिन रांची से अहमदाबाद जाने वाला विमान है या नहीं। मैं निजी काम से अहमदाबाद से रांची आया था।



**यात्रियों को पूरा रिफंड और क्षतिपूर्ति मिले :** इंडिगो एयरलाइंस द्वारा देशभर में उड़ानों की अचानक कैंसिलेशन से यात्रियों, व्यापार जगत और उद्यमों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केवल चार दिनों में लगभग तीन लाख यात्री प्रभावित हुए हैं, जिनमें झारखंड के हजारों व्यापारी, कामगार, छात्र और मरीज शामिल हैं।

यह स्थिति कोविड के बाद की सबसे बड़ी विमानन अव्यवस्था के रूप में सामने आई है। इतनी बड़ी संख्या में उड़ानों की कैंसिलेशन, उचित पूर्व सूचना और विकल्प दिए बिना करना अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना कदम है। एयरलाइंस द्वारा किराए में अचानक कई गुना वृद्धि कर यात्रियों को आर्थिक रूप से परेशान करना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

यह स्थिति व्यापारिक गतिविधियों, पर्यटन, और इमरजेंसी यात्रा पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। तत्काल हस्तक्षेप कर आपरेशंस को सामान्य करने की समयबद्ध कार्ययोजना सुनिश्चित करे।

> **हम सरकार, डीजीसीए और संबंधित प्राधिकरणों से आग्रह करते हैं कि ऐसी मनमानी पर रोक लगाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी अव्यवस्था दोबारा उत्पन्न न हो। दिनेश प्रसाद साहू, चेयरमैन, सिविल एविएशन उप समिति, झारखंड चेंबर।**

**रिफंड के पैसे खाते में नहीं आएः** विमान रद होने पर अपना टिकट कैंसिल कराने पहुंचे यात्री मोहित रोशन श्रीवास्तव ने कहा कि मैं दिल्ली में जाब करता हूं। मैंने एजेंट से कहा है कि राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में तत्काल टिकट कराकर दीजिए। नौकरी करने तो जाना है। अब वर्क फ्राम होम का जमाना चला गया। कोविड चला गया। अब हम क्या कर सकते हैं। इंडिगो को जवाब देना चाहिए। इंडिगो के सीईओ को जवाब देना चाहिए। मैंने रिफंड करने के लिए कहा है, लेकिन अब तक पैसा मेरे खाते में वापस नहीं आया है।

इंडिगो एयरलायंस के कर्मियों ने आश्वासन दिया है कि जिस बैंक खाते से आनलाइन भुगतान किया है, उसी बैंक खाते में रिफंड की राशि वापस भेजी जाएगी। पिछले साल भी इंडिगो एयरलायंस की ओर से रिफंड के लिए कहा था, लेकिन एक साल बाद भी पैसा बैंक खाते में वापस नहीं आया।

विमान का करेंट स्टेटस भी नहीं बताया जा रहाः रोहित प्रकाश पत्नी आशा व छोटी बेटी के साथ रांची से बेंगलुरु जाने के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे थे। सुबह नौ बजे रांची से बेंगलुरु की फ्लाइट थी। संबंधित विमान का करेंट स्टेटस भी नहीं बताया जा रहा है। इंडिगो एयरलायंस के काउंटर पर बैठे कर्मी अभी भी बता रहे हैं कि दोपहर बाद 02:45 बजे फ्लाइट उड़ान भरेगी।

सोमवार व मंगलवार को रांची से बेंगलुरु के लिए इंडिगो के विमान में टिकट नहीं मिल रहा है। एयर इंडिया के रांची-बेंगलुरु का किराया 15 हजार रुपये है। अब इतना पैसा देकर कोई फैमिली नहीं जाएगी। आशा ने कहा कि मुझे आफिस ज्वाइन करना था। काफी आग्रह करने के बाद मुझे एक सप्ताह का वर्क फ्राम होम मिला था। अब पता नहीं आफिस में लोगों को क्या समझाएंगे कि हम इस सप्ताह भी नहीं आ पाएंगे। अब विमान से जा नहीं पाएंगे और ट्रेन से गए तो 36 घंटे तो बच्ची को संभाल नहीं पाऊंगी। ट्रेन में आप काम भी नहीं कर पाएंगे।

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## इंडिगो का बंधक देश

**कैसा** देश है यह? इसकी सरकार और व्यवस्था कैसी है? क्या एक विमानन कंपनी की मनमर्जी के सामने सरकार घुटने टेक सकती है और आम यात्री बंधक बनाया जा सकता है? विमानन कंपनी इंडिगो की 800 से ज्यादा उड़ानें शनिवार को भी रद्द की गईं। प्रधानमंत्री दफ्तर ने कंपनी के सीईओ से बात की और चेतावनी दी। नागरिक विमानन मंत्रालय ने इंडिगो के आला अधिकारियों के साथ बैठक की और नोटिस जारी किया कि रविवार, 7 दिसंबर, की रात 8 बजे तक प्रभावित यात्रियों को उनका किराया रिफंड सुनिश्चित किया जाए। हम देखेंगे कि इस अल्टीमेटम का क्या असर हुआ? संसदीय समिति भी गुस्से में थी। उसने मंत्रालय, डीजीसीए और इंडिगो के अधिकारियों को तलब किया। क्या हुआ? ये तमाम सक्रियताएं तब सामने आईं, जब बीते 4 दिनों में इंडिगो ने 2694 फ्लाइट रद्द की थीं, नतीजतन 4 लाख 83,600 से अधिक यात्री बेहाल, परेशान और हलकान हुए थे। यह कैसा तमाशा था? कोई हवाई अड्डे पर ही पसर गया, किसी को खाने-पीने का सामान नहीं मिला, किसी का सामान कहीं का कहीं चला गया। घोर अनिश्चितता, अराजकता ! फिर भी इंडिगो को दंडित नहीं किया गया। आखिर क्यों? सरकार बेबस क्यों दिख रही है? लोकतंत्र में सरकार ही जवाबदेह है, क्योंकि देश ने उसे चुना है। इंडिगो पर कम से कम 500 करोड़ रुपए का जुर्माना थोपना चाहिए था और वह राशि प्रभावित यात्रियों के खातों में जमा कराई जानी चाहिए थी। विमानन कंपनियां देश में मुनाफाखोरी के लिए ही नहीं हैं। वे हवाई सेवा प्रदान करने के लिए हैं और सरकार ने उन सेवाओं के किराए तय कर रखे हैं। यह कौन-सी कालाबाजारी है कि इंडिगो की उड़ानें रद्द हुईं और अन्य एयरलाइंस ने कई गुना किराए बढ़ा दिए? कोई सरकार, मंत्रालय, अंकुश, कायदे-कानून इस देश में हैं अथवा नहीं? इंडिगो ने 2024-25 में 7258 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, तो इस देश के यात्रियों से ही कमाया है। फिर वही विमानन एयरलाइन देश के यात्रियों को ही बंधक कैसे बना सकती है? ऐसी कंपनी को अभयदान क्यों दिया जा रहा है? सरकार किससे डर रही है? जांच पर भरोसा कैसे किया जा सकता है? किसी के घर में शादी थी, किसी को इंटरव्यू देने जाना था, किसी की बिजनेस बैठक थी, किसी को वीजा लेने जाना था और किसी के घर में बूढ़े मां-बाप बीमार थे अथवा मातम पसर गया था, इंडिगो की मनमर्जी ने सब कुछ खत्म कर दिया। सब कुछ बिखर गया। पैसा बर्बाद, लगातार आंसू, रुदन, आम यात्री और क्या कर सकता है? क्या एक एयरलाइन को इस हद तक खलनायक बनने की छूट दी जा सकती है? विमानन के क्षेत्र में इंडिगो की हिस्सेदारी 62 फीसदी से भी अधिक क्यों होने दी गई? सरकारी पार्टी को करोड़ों रुपए का चुनावी चंदा और बाजार पर एकाधिकार का लाइसेंस ! क्या देश में एयरलाइंस ऐसे ही काम करती रहेंगी? क्या यात्रियों को उड़ान भरने के सपने बेच कर और फिर बंधक बना कर देश विकसित बन सकता है? ट्रिलियन डॉलर के मामले में भारत विकसित देश, बेशक, बन सकता है, लेकिन मानसिक, सामाजिक, सुविधा और पेशेवर दृष्टि से भारत अविकसित देश ही रहेगा। चीन और अमेरिका के उदाहरण सभी के सामने हैं। चीन की शीर्ष तीन विमानन कंपनियों की कुल हिस्सेदारी 60 फीसदी से कम है। अमरीका में शीर्ष 4 कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 75 फीसदी है। किसी अकेली कंपनी की हिस्सेदारी 25 फीसदी को नहीं लांघती। विमानन की दृष्टि से ये देश, भारत की अपेक्षा, अधिक विकसित हैं। उनकी उड़ानों की संख्या भी अधिक है। इंडिगो के सीईओ अब भी कह रहे हैं कि सामान्य उड़ानो के लिए कमोबेश 10 दिन चाहिए, लेकिन सरकार तुरंत सामान्य हालात का दबाव दे रहे हैं। दरअसल बुनियादी कारण पायलटों की भर्ती और अन्य नियम हैं, जो डीजीसीए ने जारी किए थे और इंडिगो को पर्याप्त समय दिया गया था, लेकिन इंडिगो ने नियम स्वीकार नहीं किए। डीजीसीए को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। देश जानना चाहता है कि ऐसा क्यों किया गया? इसी सवाल में इंडिगो की मनमर्जी छिपी है। दरअसल इंडिगो का एकाधिकार तोड़ना चाहिए। यह विकसित देश की निशानी नहीं है। भारत को अमेरिका और चीन से सीख लेते हुए इस कंपनी का एकाधिकार खत्म करना चाहिए और जिन यात्रियों को तकलीफ हुई है, उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिलाना चाहिए। इस कंपनी पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कंपनी भारतीय यात्रियों से ही बड़ी कमाई करती है। इस मामले में सरकार को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

## धर्म स्थलों की पवित्रता

**पंजाब** ने अपने तीन शहरों की पवित्रता में धार्मिक पर्यटन की एक और छलांग लगा दी। अमृतसर, दमदमा साहिब तलवंडी साबो और केसगढ़ साहिब अब इस हद तक पवित्र होंगे कि न वहां शराब और न ही मांस बिकेगा। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का खाका इस तरह बन रहा कि बसें भी मुफ्त में घुमाएंगी। धार्मिक पर्यटन की परिधि को सशक्त करते हुए पंजाब सरकार ने इस क्षेत्र को इसकी पवित्रता और विशेषता से जोड़ा है। यानी कि सिख पर्यटन की दृष्टि से पंजाब के महत्त्वपूर्ण शहर अपना आचरण व व्यवहार बदलेंगे। इसी संदर्भ में हिमाचल को भी धार्मिक स्थलों की पवित्रता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार करना होगा। खास तौर पर आनंदपुर साहिब के बदलावों के साथ नयना देवी सर्किट को जोड़ते हुए एक उदाहरण पेश करना होगा। धार्मिक स्थलों की अधोसंरचना, क्षमता व सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ, इन्हें पवित्र नगरियों की परिभाषा में सुव्यवस्थित करना होगा। ये स्थल महज मौज मस्ती के लिए नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक मान्यताओं को प्रदर्शित करने की अनुशासित पद्धति का नेतृत्व करें। कांगड़ा, चिंतपूर्णी, चामुंडा, ज्वालाजी, नयनादेवी, दियोटसिद्ध और बालाजी सुंदरी परिसरों के साथ जुड़े कस्बों व शहरों में तत्काल प्रभाव से पवित्र स्थलों का दर्जा देते हुए वहां शराब और मांस पर पाबंदी लगा देनी चाहिए। इसके लिए नीति, नियम, पद्धति और गवर्निंग बाड़ी चाहिए। हिमाचल में धार्मिक स्थल विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण का गठन करके ही हम इन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान दिला सकते हैं। हर साल कुछ मंदिरों में अप्रवासी भारतीय आकर विशेष आभूषण या मां के श्रृंगार में सोना-चांदी अर्पित करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी देश के विभिन्न भागों से हिमाचल के कुछ मंदिरों के लिए विशेष आस्था प्रस्तुत की जाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में तीर्थ यात्राओं, समागमों और नवरात्रि महोत्सवों का आयोजन होता है। ऐसे में अगर धार्मिक स्थलों को धार्मिक नगरों के परिवेश में विकसित करते हुए इन्हें श्रद्धा के पैमानों में पवित्र घोषित किया जाए, तो आर्थिकी का एक नया दौर शुरू हो सकता है। अभी हिमाचल के मंदिर स्थल बाकी शहरों की तरह ही अपने औचित्य के लिए संघर्ष कर रहे । इससे शहर और मंदिर व्यवस्था के बीच न तो सामंजस्य और न ही एकरूपता का श्रृंगार हो रहा है। दक्षिण भारतीय मंदिरों की व्यवस्था के बाद पंजाब के धार्मिक स्थलों में आ रहे परिवर्तनों से सीखना होगा। बात अब मंदिरों के प्रबंधन से आगे धार्मिक नगरों के प्रबंधन की है। इन शहरों के विकास का एक खाका बनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि धार्मिक पवित्रता के मानदंड हर सूरत लागू हों। दूसरी ओर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का स्तर, स्टेट ऑफ आर्ट अधोसंरचना से मुकम्मल किया जाए। चिंतपूर्णी में दर्शन योजना शुरू हुई, तो भक्तों ने आय बढ़ा दी। इसी तरह हर मंदिर के दर्शन और पूजा पद्धति का स्तर शखेकाच्चारण से पुष्ट करना होगा। धार्मिक नगरी विकास बोर्ड या प्राधिकरण को हर मंदिर स्थल के लिए एक विकास योजना बनानी होगी ताकि परिक्रमा और पर्वतीय परिवेश में स्थित हमारे धार्मिक स्थल हर आने वाले के लिए सुकून और पवित्रता का एक पैकेज बन जाएं।

# छात्रवृत्ति योजनाओं का कम उपयोग चिंता का विषय

**छात्रवृत्ति योजनाओं की उपलब्धता के बावजूद उनका कम उपयोग एक बहुआयामी समस्या है, जिसमें वित्तीय, प्रक्रियात्मक और सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाएं शामिल हैं। 2020-2024 के दौरान, उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रवृत्ति और अनुसंधान फेलोशिप के लिए फंडिंग में 1500 करोड़ से अधिक की गिरावट आई है। 2025 के केंद्रीय बजट में ओबीसी और ईबीसी के लिए आवंटन बढ़ने के बावजूद, अल्पसंख्यक और जनजातीय छात्रों के लिए कई छात्रवृत्तियों में कटौती की गई। उदाहरण के लिए, एसटी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप में 99.99 प्रतिशत की भारी कमी देखी गई।**

**प्रो. अशोक कुमार**

भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वंचित वर्गों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अल्पसंख्यक और दिव्यांग) के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों की ओर से कई छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आर्थिक बाधाओं को दूर करना और शिक्षा में समानता लाना है। हालांकि, विश्लेषण से पता चलता है कि इन छात्रवृत्तियों का एक बड़ा हिस्सा या तो अप्रयुक्त रहता है या उनके वितरण में गंभीर चुनौतियां हैं। प्रमुख चुनौतियों में बजटीय विसंगतियां (विशिष्ट योजनाओं में कटौती), संस्थानों द्वारा निधियों का कम उपयोग, जटिल आवेदन प्रक्रियाएं, पुनर्भुगतान मॉडल का वित्तीय बोझ, डिजिटल साक्षरता की कमी, और अध्ययन के क्षेत्रों तथा सामाजिक पहचान पर आधारित पूर्वाग्रह शामिल हैं। इन समस्याओं से छात्रों पर अत्यधिक वित्तीय और मानसिक तनाव पड़ता है, जिससे उच्च शिक्षा में नामांकन कम होता है और ड्रॉपआउट दर बढ़ती है। यह स्थिति सामाजिक असमानता को गहरा करती है। इस रिपोर्ट में योजनाओं के सरलीकरण, अग्रिम वित्तीय सहायता, मजबूत सहायता नेटवर्क और पारदर्शिता पर केंद्रित कई सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं।

भारत सरकार, राज्य सरकारें और निजी/सीएसआर पहले ही वंचित छात्रों की सहायता के लिए कई योजनाएं चलाती हैं। केंद्र सरकार देशभर में विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं।

अनुसूचित जाति (एससी) के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तिः 12वीं कक्षा से आगे की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता देती है। इसमें 2.50 लाख प्रतिवर्ष तक की आय सीमा शामिल होती है और भुगतान आधार-सीडेड बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से होता है।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तिः पेशेवर, तकनीकी, गैर-पेशेवर और गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए एसटी छात्रों को लाभान्वित करती है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तिः मैट्रिकोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले ओबीसी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसके लिए अभिभावकों की आय सीमा एक लाख प्रतिवर्ष है।

कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना (सीएसएसएस): यह योजना कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर के मेधावी छात्रों को लक्षित करती है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 4.5 लाख से कम है। इसमें स्नातक स्तर पर 12 हजार प्रति वर्ष और स्नातकोत्तर स्तर पर 20 हजार प्रति वर्ष का लाभ मिलता है।

राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस): एससी, विमुक्त घुमंतू, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगरों से संबंधित कम आय वाले छात्रों को विदेश में मास्टर डिग्री या पीएच.डी. करने की सुविधा देती है। यह ट्यूशन फीस, रख रखाव भत्ता (यूएसए के लिए 15,400 डॉलर) और यात्रा खर्चों को कवर करती है।

युवा अचीवर्स योजना (श्रेयस): इसमें ओबीसी के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप (एमफिल/पीएचडी के लिए 1000 जेआरएफ) और विदेशी अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी की डॉ. अंबेडकर केंद्रीय क्षेत्र योजना शामिल है।

प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना (पीएम-यूएसपी): यह जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के युवाओं को राज्य के बाहर के शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसमें प्रति वर्ष 5000 नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

राज्य सरकारें केंद्र की योजनाओं के पूरक के रूप में अपनी योजनाएं चलाती हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान की जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहायता के तहत नियमित अध्ययन हेतु 500 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति (राजस्थान) 12वीं में 60त्न अंकों के साथ वरीयता सूची में प्रथम एक लाख तक स्थान प्राप्त करने वाले अल्प आय वर्ग के छात्रों को 500 रुपए प्रतिमाह (दिव्यांगों के लिए 1000) प्रदान करती है।

छात्रवृत्ति योजनाओं की उपलब्धता के बावजूद उनका कम उपयोग एक बहुआयामी समस्या है, जिसमें वित्तीय, प्रक्रियात्मक और सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाएं शामिल हैं। 2020-2024 के दौरान, उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रवृत्ति और अनुसंधान फेलोशिप के लिए फंडिंग में 1500 करोड़ से अधिक की गिरावट आई है। 2025 के केंद्रीय बजट में ओबीसी और ईबीसी के लिए आवंटन बढ़ने के बावजूद, अल्पसंख्यक और जनजातीय छात्रों के लिए कई छात्रवृत्तियों में कटौती की गई। उदाहरण के लिए, एसटी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप में 99.99 प्रतिशत की भारी कमी देखी गई।

# चुनौतियों के बीच अधिक विकास दर

**अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब भारत को 2047 तक 30000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने की जरूरत है**

**डा. जयंती लाल भंडारी**

हाल ही में 28 नवंबर को सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है। गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है।

जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है। महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपए और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपए के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निःसंदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है।

इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोडकर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने शिखर वार्ता के लिए भारत आना सुनिश्चित किया है। इस मौके पर भारत व रूस के बीच कारोबार सहित कई समझौते हुए। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब भारत को 2047 तक 30000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा। तभी भारत विकसित देश बन सकेगा।

# जीवन और मृत्यु

**ओशो**

शिल्पकार बनना आसान है क्योंकि तुम निर्जीव वस्तुओं को देख रहे हो। तुम सुंदर मूर्ति बना सकते हो लेकिन वे मूर्तियां मृत हैं। तुम उनके साथ संबंधित नहीं हो सकते, तुम जीवंत हो। जीवन और मृत्यु के बीच संवाद संभव नहीं है। तुम प्रशंसा कर सकते हो, तुम आनंद मना सकते हो, यह तुम्हारा सृजन है। तुम संतुष्ट हो सकते हो, जो कुछ भी तुम चाहो, करने में तुम सफल हुए। लेकिन एक बात याद रखो, दूसरी तरफ वहां कोई नहीं है। तुम अकेले हो। इस स्थिति के कारण, यहां ऐसे लोग हैं, जो अपने बागीचों को प्रेम कर सकते हैं, जो अपनी कारों को प्रेम कर सकते हैं, वे दुनिया में मानव के अतिरिक्त हर चीज को प्रेम कर सकते हैं। क्योंकि मनुष्य का मतलब है कि तुम अकेले नहीं हो, दूसरा वहां है। वह संवाद है। मूर्ति के साथ, यह एकालाप है। मूर्ति कुछ भी कहने वाली नहीं है, वह तुम्हारी आलोचना करने वाली नहीं है, तुम्हारे ऊपर आधिपत्य जमाने वाली नहीं है। तुम मूर्ति पर आधिपत्य रखते हो, तुम उसे बाजार में बेच सकते हो। लेकिन यह तुम मनुष्य के साथ नहीं कर सकते। यह समस्या है। जब तुम मानव जाति से संबंधित होना शुरू करते हो, तुम्हें यह मानना होगा कि वे वस्तुएं नहीं हैं, वे चेतनाएं हैं। तुम उन पर प्रभुत्व नहीं जमा सकते। हालांकि सभी यह करने की कोशिश कर रहे हैं और अपने सारे जीवन को नष्ट कर रहे हैं। जिस क्षण तुम किसी मानव पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश करते हो, तुम शत्रु पैदा करते हो, क्योंकि वह मनुष्य भी प्रभुत्व जमाना चाहता है। तुम इसे प्रेम कह सकते हो, तुम इसे दोस्ती कह सकते हो, लेकिन दोस्ती और प्रेम और भाईचारे के पर्दे के पीछे गहरे में वहां शक्ति की चाह है। तुम प्रभुत्व करना चाहते हो, तुम अधीन नहीं होना चाहते। मनुष्यों के साथ, तुम सतत संघर्ष में होओगे। जितने करीब तुम होओगे उतना ही संघर्ष तुम्हें कष्ट देगा। यहां हजारों लोग हैं जो मनुष्यों के साथ रिश्तों के कारण इतने आहत हुए हैं कि वे मनुष्यों के साथ प्रेम, दोस्ती से दूर चले गए हैं। वे वस्तुओं की तरफ मुड़ गए हैं। यह आसान है,जो भी तुम चाहते हो वह दूसरा हमेशा करना चाहता है। तुम कलाकार हो, तुम मूर्ति बनाते हो। लेकिन क्या तुमने कभी सोचा है कि तुम क्या कर रहे हो? तुम संगमरमर से टुकड़े निकाल रहे हो, जो तुम मनुष्यों के साथ नहीं कर सकते, लेकिन लोग मनुष्यों के साथ भी यह कर रहे हैं। माता-पिता अपने बच्चों के पंख काट रहे हैं।

चिंतन-मनन

## आपके पत्र

### संसद में हो-हल्ले के मायने

**संसद** का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है और इसमें भी हंगामे और हो-हल्ला होने के चांस हैं, लेकिन संसद में हो हल्ला न हो ऐसे कैसे हो सकता है? क्या विपक्ष सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध नहीं करे? सरकार कोई ऐसा बिल संसद के किसी सत्र में पास करने की कोशिश करे जो आमजन के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा हो, उसका विरोध विपक्ष न करे?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब नोटबंदी का फैसला लिया था, तब वो कितने दिन संसद ही नहीं गए थे। शायद उनके पास इस फैसले से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नहीं तो संसद में सत्ताधारी पार्टी कोई भी मनमाना कानून पास कर देगी।

**ओके वर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** email : metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज IN ब्रीफ

## हमें क्या पता था कि वह लौटकर आएगा ही नहीं हमरा बच्चा : परिजन



**साहिबगंज :** सुबह करीब साढ़े सात बजे बरहरवा फरक्का मुख्य मार्ग पर एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया।बरारी क्षेत्र में गिट्टी लदा तेज रफ्तार हाईवा वाहन संख्या जेएच 04 एडी 2046 ने सड़क पार कर रहे 10 वर्षीय रंजीत सरदार को बेरहमी से कुचल दिया हादसा इतना भयावह था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान बरारी निवासी शिवा सरदार के पुत्र रंजीत सरदार के रूप में हुई।परिजनों ने बताया कि रंजीत सुबह घर से भुजा मुढ़ी लेने गया था और वापसी के दौरान सड़क पार करते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पिता शिवा सरदार ने बिलखते हुए कहा,हमारा बच्चा भुजा लेकर लौट रहा था हमें क्या पता था कि वह लौटकर आएगा ही नहीं।हमारा बच्चा अब इस दुनिया में नहीं रहा। वही घटना की सूचना फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए और आक्रोशित ग्रामीणों ने बरहरवा फरक्का मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया।जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी व कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की।वही घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे।उनके साथ एसआई राजनाथ साहू,रंजय कुमार यादव,धर्मेन्द्र पासवान,जितेंद्र कुमार साह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।पुलिस ने सबसे पहले शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की।इसी बीच,बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास भी सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचे।उन्होंने पीड़ित परिजनों को ढांढस बतायाऔर ग्रामीणों से शांत रहने की अपील की।थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह और बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आरोपी वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही अशोक दास ने कहा कि पीड़ित परिवार को उचित सरकारी सहायता दिलाने के लिए वे स्वयं पहल करेंगे।अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाने पर सहमति जताई।कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर आवागमन सामान्य किया जा सका,हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है।

## शस्त्र का वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 13 14 दिसंबर से

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025 के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 13 एवं 14 दिसंबर, 2025 को आयोजित किया जा रहा है। शस्त्रधारकों की सुविधा हेतु अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सत्यापन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सभी अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे शस्त्र बुक एवं शस्त्र सहित अपने निकटवर्ती थाना में उपस्थित होकर समय पर भौतिक सत्यापन कराएं। किसी कारणवश यदि कोई अनुज्ञप्तिधारी दिनांक 13 दिसंबर को उपस्थित नहीं हो पाता है।तो वह दिनांक 14.12.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सत्यापन कराएं।थाना अनुसार भौतिक सत्यापन का विवरण साहिबगंज नगर थाना अंतगर्त-13 एवं 14 दिसंबर 2025 नगर थाना परिसर जिरवाबाड़ी थाना अंतगर्त 13 एवं 14 दिसंबर 2025 जिरवाबाड़ी थाना परिसर मुफस्सिल थाना अंतगर्त-13 एवं 14 दिसंबर मुफस्सिल थाना परिसर मिजाचौकी थाना अंतगर्त13 व 14 दिसंबर मिजाचौकी थाना परिसर,बोरियो थाना अंतगर्त13 एवं 14 बोरियो थाना परिसर, तालझारी थाना अंतगर्त-13 एवं 14 तालझारी थाना परिसर

तीनपहाड़ थाना अंतगर्त 13 व 14 दिसंबर तीनपहाड़ थाना परिसर,राजमहल थाना अंतगर्त-13 , 14 दिसंबर राजमहल थाना परिसर,राधानगर थाना अंतगर्त 13 ,14, राधानगर थाना परिसर ,बरहरवा थाना अंतगर्त13, 14 दिसंबर 2025,
बरहरवा थाना परिसर, कोटालपोखर थाना अंतगर्त- 13 एवं 14 कोटलपोखर थाना परिसर, रांगा थाना अंतगर्त13 , 14 रांगा थाना परिसर,बरहेट थाना अंतगर्त-13 एवं 14 बरहेट थाना परिसर में होगी।

सभी शस्त्रधारी अपने साथ शस्त्र, शस्त्र अनुज्ञप्ति बुक एवं पहचान पत्र अवश्य लाएं,समय पर सत्यापन नहीं कराने पर अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण में बाधा आ सकती है।सुरक्षा मानकों के पालन हेतु सहयोग अपेक्षित है।

## शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : डॉ नीरा यादव

कोडरमा : विधि महाविद्यालय के प्रांगण में झारखंड एजुकेशनल एंड कल्चर डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर राज्यीय संस्कृति एवं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता में दौड़, उंची व लंबी कूद, बॉली बॉल व क्रिकेट में भाग लेकर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि झुमरी तिलैया निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष संतोष यादव मौजूद रहे. मौके पर विधायक ने कहा कि कहा कि शिक्षा के साथ- साथ खेलकूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेलकूद बच्चों में शारीरिक तंदुरुस्ती, अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ाता है। जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेल में हार.जीत होती है पर हार हमें एक नई सीख देती है। जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। वहीं संस्था के सचिव डॉ डीएन मिश्रा बताया की संस्थान में इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा और खेल के प्रति साकारत्मक सोंच पैदा कर दक्षता को निखारने का कार्य किया जा रहा है। संतोष यादव ने कहा विधि महाविद्यालय में मिनी स्टेडियम निर्माण की बात कही. वहीं प्रतियोगिता में 100 मीटर पुरुष वर्ग रेस में प्रथम रवि कुमार, द्वितिय दिवाकर कुमार, तृतीय अभिषेक कुमार, वहीं महिला वर्ग में प्रथम डॉली कुमारी, द्वितिय अंजली कुमारी, तृतीय उषा कुमारी, वहीं 200 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम दिवकार कुमार, द्वितीय सतीश कुमार, तृतीय विक्की कुमार वहीं लंबी कूद में पुरुष वर्ग में प्रथम मनीष कुमार, द्वितिय अभिषेक कुमार, तृतीय दिवकार कुमार, तो महिला वर्ग में प्रथम डॉली कुमारी, द्वितीय रानी कुमारी, तृतीय सपना पूर्ति ने जगह बनाई ऊँची कूद पुरुष वर्ग में प्रथम मनीष कुमार, द्वितीय सतीश कुमार, तृतीय अमित कुमार तो महिला वर्ग में प्रथम रानी कुमारी, द्वितीय सपना कुमारी, तृतीय अनिशा कुमारी हासिल किया। वहीं मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम तरन्नुम द्वितिय रही रेश्वमा कुमारी, वहीं रंगोली प्रतियोगिता ग्रुप में जेवीएम, द्वितीय जेसीपी, तृतीय जेटीटीसी व एनवीएम ने अपनी जगह बनाई।

# अवैध कब्जा करने व जेसीबी से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने के मामले में थाना को दिया आवेदन

संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड निवासी महिला सरिता देवी उम्र 51 वर्ष पति भोला महतो ने तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बनाए गए मकान व जमीन पर जबरन कब्जा करने के नीयत से की गई तोड़फोड़ के मामले में थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।जहां दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने जिक्र किया है कि उनकी भूमि तथा उस पर बने भवन जिसमें अनेक कमरे एवं दुकानें हैं। विधिवत मालिक वो खुद 2013 से है। जहां दिनांक 6 दिसम्बर 2025 को प्रातः 6 बजे से 7 बजे के बीच समदा सकरीगली निवासी नारायण यादव पिता राजेश्वर यादव उर्फ पोकन यादव अपने साथ लगभग 10 से 12 अज्ञात भाड़े के गुंडों को लेकर आया और उनपर व उनके परिवार को आपराधिक धमकी देते हुए जबरन जेसीबी मशीन से उसकी इमारत को तोड़फोड़ कर ध्वस्त कर दिया।जहां इस मामले को लेकर पीड़िता महिला ने तालझारी थाना प्रभारी नितीश कुमार पांडेय को फोन कर घटना की जानकारी दी,जिसके बाद उन्होंने जेसीबी से हो रहे अवैध तोड़फोड़ और नारायण यादव द्वारा की जा रही अवैध गतिविधि को रुकवाया लेकिन तब तक नारायण यादव उसकी



दुकान और कमरे को तोड़ चुका था और उन्हें काफी नुकसान पहुँचा चुका था।वही उक्त लोगों ने जेसीबी मशीन से उसके पक्के मकान 5 दुकान5 कमरा की नींव तोड़ दी।वही मुख्य गेट तोड़कर उसे टूटे हुए दुकान और कमरों के पास फेंक दिया।जहां इस घटना का फोटो साक्ष्य भी पीड़ित महिला ने आवेदन के साथ संलग्न किया है। उधर इस घटना से उन्हें एवं उनके परिवार को गंभीर मानसिक,शारीरिक और आर्थिक आघात भय व सामाजिक अपमान का सामना करना पड़ रहा है।जहां यह लोग भूमाफिया है। और इनका एकमात्र उद्देश्य उसकी भूमि पर जबरन एवं अवैध कब्जा करना है।वही उक्त गुंडे एक स्कॉर्पियो वाहन में आए थे,जिस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी,जिससे यह स्पष्ट है कि उक्त वाहन का उपयोग अवैध गतिविधियों में किया जा रहा है।जहां पीड़िता महिला ने उक्त स्कॉर्पियो वाहन को तत्काल जब्त सीज करने की मांग की है।साथ ही, साथ जिस जेसीबी मशीन का उपयोग अवैध रूप से उनके दुकान व कमरों को गिराने में किया गया,उसे भी जब्त किया जाए तथा संबंधित व्यक्ति पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।आगे उन्होंने बताया कि यह मामला पिछले एक माह से तालझारी थाना में लंबित है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जहां बीते दिनों दिनांक 1 नवम्बर 2025 को थाना दिवस में नारायण यादव को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था।लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ और न ही कोई जवाब दिया।जहाँ पुनः दिनांक 8 नवम्बर 2025 को बुलाया गया परंतु वह उस दिन भी उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद अंचल अधिकारी तालझारी तथा थाना प्रभारी के द्वारा आदेश दिया गया कि उक्त मामला उनके पक्ष में है तथा उन्हें निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति दी गई है।साथ ही आरोपी को चेतावनी दी गई कि भविष्य से कोई अवैध कार्य करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद अब नारायण यादव ने सभी सीमाएं पार करते हुए पुनः यह गंभीर अपराध किया है।जहां उन्होंने थाना प्रभारी से आरोपी नारायण यादव और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।वही मामले को लेकर विपक्षी नारायण यादव ने बताया कि उनके ऊपर लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद और गलत है।जहां पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## मातृशक्ति के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष

संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के डिहारी, पटवर टोला भोलिया टोला आदि गांव की महिलाओं की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन जारी है।रविवार को नौवे दिन भी महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन जारी रहा।रूपा भारती के नेतृत्व में डिहारी स्थित दयानिधि ओझा शिव मंदिर के समक्ष महिलायें धरना दे रही हैं।महिलाएं गांव के बीच से होकर फोरलेन रोड बनाने का विरोध कर रही हैं।रूपा भारती ने बताई गोचर जमीन होकर फोरलेन बनाया जा सकता है तो फिर खेती जमीन व गांव को रोड के नाम पर क्यों उजाड़ा जा रहा है।रूपा भारती ने कहा शनिवार को डिहारी गांव में पेयजल योजना का निरीक्षण व शुभारम्भ के साहिबगंज डीसी आए थे पास से गुजरे लेकिन धरना दे रही



महिलाओं से नहीं मिले जिससे महिलाओं में नाराजगी देखी गई।मातृशक्ति की धरना प्रदर्शन में साहिबगंज जिला परिषद उपाध्यक सुनील यादव शामिल हुए उन्होंने बताया की डिहारी गांव को उजड़ने से रोकने के लिए हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे लड़ते रहेंगे मातृशक्ति का हम सहयोग करेंगे।ग्रामीणों की अन्य मांग है कि सिमरतल्ला झील को संरक्षित कर पक्षी आश्रयणी बनाया जाय।महिलाओं का कहना है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा तो फिर गोचर जमीन पर एयरपोर्ट का निर्माण भी नहीं कराया जाय।उसका भी अब जमकर विरोध होगा।

## जैन विद्यालय के कैंपस में अहिंसा इंडोर स्पोर्टस एकेडमी का शुभारंभ

### जैन समाज झुमरीतिलैया जिले मे खेल के विकास में दे रहा है अपना योगदान

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** पानी टंकी जैन मुहल्ला स्थित जैन विद्यालय परिसर में अहिंसा इंडोर स्पोर्टस एकेडमी का भव्य शुभारंभ हुआ. जैन समाज के पदाधिकारी, मंत्री नरेन्द्र झांझरी, राज छाबड़ा सह मंत्री, विद्यालय संयोजक सुनील जैन छाबड़ा, पियूष जैन काशलीवाल, समाज सेवी सुरेश झांझरी , सुशील छाबड़ा, प्रदीप छाबड़ा (भू दातार), सुरेश पांडया , महिला समाज उपाध्यक्ष किरण ठोल्या , मोना छाबड़ा जैन युवक समिति के अध्यक्ष राजीव जी छाबड़ा के कर कमलों से हुआ। यह इंडोर स्टेडियम कैंपस विद्यालय के चेयरमेन समाजसेवी किशोर जी पाण्ड्या परिवार द्वारा 2024 में बनवाया गया। इस एकेडमी में आज बैडमिंटन खेल आरंभ किया गया एकेडमी चेयरमेन सुनील जैन छाबड़ा ने बताया कि इस एकेडमी में प्रत्येक दिन संध्या 4 बजे से रात्री 10:45 तक बैडमिंटन खेल का लुप्त उठाया जा सकता है । जिसमें संध्या 4 से संध्या 7 बजे तक बच्चें एवं महिलायें बैडमिंटन खेलेगी उसके बाद युवा वर्ग को खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा बहुत जल्द ही टेबिल टेनिस , कैरम , चेस तथा शारीरिक व्यायाम हेतु जिम का सामान भी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा जैन समाज के आलाबा अन्य समाज के लोग भी बैडमिंटन खेल का रजिट्रेशन और मासिक शुल्क देकर कर लुप्त उठा सकते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन श्री दिगम्बर जैन विद्यालय इंचार्ज अभिषेक जैन ने किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण श्री मती शशी छाबड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों के साथ ही साथ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल छाबड़ा और खेल के अनेक खिलाड़ी भी शामिल हुये। जिनमें सुमित छाबड़ा, सिद्धार्थ झांझरी, आकाश गंगवाल, अरिहंत झांझरी, कुमार आर्यन, कुमार संकल्प आदि। निर्वतमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा और खेल में ही युवाओं का भविष्य है खेल जीवन का अभिन्न अंग है जैन समाज खेल के क्षेत्र में जिले के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है मीडिया प्रभारी नवीन जैन राजकुमार अजमेरा ने भी इस एकेडमी के प्रारंभ होने पर खुशी व्यक्त की।

## बेहतर बीज उपलब्ध करा कर कृषि उत्पादन बढ़ाना है

संवाददाता

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड के कौड़ीखुटाना पंचायत अंतर्गत ग्राम रंगुकिता, कमलदाहा हरियाला में रविवार को बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच उन्नत किस्म के सरसों पीएम 32,एनएससी बीज का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में कुल 147 किसानों को लाभान्वित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन



बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।सरसों की उन्नत किस्म पीएम,32,एनएससी किसानों को कम समय में अधिक पैदावार देने के लिए जानी जाती है,जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय किसानों ने सरकार द्वारा संचालित इस योजना की सराहना की और कहा कि समय पर उपलब्ध कराया गया यह बीज रबी मौसम में उनके लिए बेहद लाभदायक साबित होगा।कृषि विभाग के कर्मियों ने किसानों को बीज वितरण के साथ-साथ उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी भी दिया,ताकि किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर सकें।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि ऐसी योजनाएँ आगे भी समय-समय पर चलाई जाएँगी।

## भाजपा जिला कोडरमा के मण्डल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**कोडरमा :** भाजपा जिला कोडरमा के मण्डल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा की सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने सभी मंडल अध्यक्षों से संगठन के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आगामी घर.घर चलो अभियान तथा हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए मार्गदर्शन देते हुए बताया कि यह अभियान संगठन की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हर घर स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा भेजा गया पत्रक प्रत्येक घर तक पहुँचाना है।

## 20 व 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन पर हुई चर्चा

संवाददाता

**साहिबगंज :** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित होने वाले चौथे राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की तैयारी को लेकर चौक बाजार स्थित गोपाल चौखानी के आवास पर बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी 20 एवं 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की रूप रेखा एवं आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया इसकी जानकारी देते हुए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से भी साहित्यकारों के पहुंचने की संभावना है।उन्होंने कहा कि मंच में चतुर्थ वर्षगाठ को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें अब तक आलेख प्रतियोगिता,वीर रस काव्य लेखन प्रतियोगिता और श्रृंगार रस काव्य लेखन प्रतियोगिता समाप्त हो चुकी है। जबकि स्वतंत्र विषय पर काव्य पाठ जारी है।अब तक समाप्त हुए प्रतियोगिताओं में आलेख प्रतियोगिता के विजेता डॉ पूर्णिमा



भागलपुर बिहार सूबेदार नंदकिशोर साहू दरभंगा बिहार श्रीमती आशा झा सखि इंदौर मध्य प्रदेश विजेता चुनी गई है,जिन्हें पंडित रामचंद्र शुक्ल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।जबकि वीर रस प्रतियोग में अमन कुमार होली साहिबगंज झारखंड,अभय कुमार साहिबगंज मोहनी राजभर अयोध्या उत्तर प्रदेश मिताली श्रीवास्तव भिलाई छत्तीसगढ़ को विजेता चुना गया जिन्हें सुभद्रा कुमार चौहान सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इसी प्रकार श्रृंगार रस काव्य प्रतियोगिता के विजेता शिल्पा पीहू साहिबगंज,रंजना लता समस्तीपुर, बिहारक्षबिंदु श्रीवास्तव सिमडेगा, झारखंड गौरी तिवारी भागलपुर, बिहार, ज्योति सिंहा मुजफ्फरपुर बिहारी लाल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि साहिबगंज में आने वाले समाचार पत्र को इस कार्यक्रम में सम्मानित करने पर भी विचार किया गया।इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि साहिबगंज शहर से बेहतर कार्य करने वाले जितेंद्र हजारी,दृष्टि चैटर्जी प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान,शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुगार्नंदन झा,संगीत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले साधन चक्रवर्ती एवं मुकेश मिश्रा को भी उक्त कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 दिसंबर को राजस्थान मध्य विद्यालय में स्थानीय बाल कवियों के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा व बेहतर लेखन एक काव्य पाठ करने वाले स्थानीय बाल कवियों को भी उक्त कार्यक्रम में काव्य पाठ का अवसर प्रदान किया जाएगा।गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक मो.ताजुद्दीन उर्फ एम. टी. राजा के द्वारा 20 दिसंबर को 10 बजे करगे ।जबकि चार अलग अलग सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में अलग अलग अतिथि तय किए जाएंगे।बैठक में अध्यक्ष का अलावा महासचिव सुधीर श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष गोपाल चौखानी, कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य संजय कुमार तिवारी,परशुराम गुप्ता, रीमा सिंह प्रतुल चंद्र तिवारी,सुरेंद्रनाथ तिवारी,पिंकी पांडे,भगवती रंजन पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

# धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर जी बॉलीवुड और जी क्लासिक लेकर आ रहे हैं उनकी यादगार फिल्म



**बॉलीवुड** के दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती 08 दिसंबर को जी बॉलीवुड और जी क्लासिक दोनों चैनल मिलकर इस महान कलाकार को पूरे दिन की फिल्मी पेशकश के साथ सलाम देंगे। सोमवार, 08 दिसंबर को दोनों चैनल ऐसी फिल्में दिखाएंगे,जिनमें धर्मेंद्र का स्टारडम, उनका सलीका और उनकी बहुमुखी कला पूरी चमक के साथ नजर आएगी और जो उन्हें हर पीढी का पसंदीदा अभिनेता बनाती है।

जी बॉलीवुड पर दिन भर का यह खास जश्न सुबह से जारी रहेगा , द ही-मैन स्पेशल के लाइन-अप के साथ। इसमें कई फिल्में दिखाई जाएंगी, जिनमें धर्मेंद्र का शानदार व्यक्तित्व खूब निखरकर सामने आएगा। दोपहर 1.30 बजे मेरा गांव मेरा देश, दिखाई जाएगी जिसमें वह एक सुधरे हुए नायक के रूप में नजर आएंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे दिखाई जाएगी गहरे जज्बातों से भरी पारिवारिक कहानी बटवारा। शाम 8 बजे प्रसारित होगी राजपूत, जिसमें सम्मान, बदला और बहादुरी की कहानी दर्शकों को फिर से धर्मेंद्र का वही ही-मैन वाला अंदाज, उनकी ताकत और उनका असर याद आ जाएगा।

जी क्लासिक पर इस खास दिन की शुरूआत सुबह 6.30 बजे द टाइमलेस लीजेंड लाइन-अप के साथ होगी जो पूरे दिन और रात भर चलेगी। इस सोच समझकर बनाई गई लिस्ट में वे फिल्में शामिल हैं जिनके सहारे धर्मेंद्र ने एक पूरे दौर को दिशा दी थी। शाम सात बजे आएगी सदाबहार फिल्म तुम हसीन मैं जवान और रात 10 बजे दिखाई जाएगी दिल को छू लेने वाली फिल्म जीवन मृत्यु। इनके अलावा भी कई फिल्में दिखाई जाएंगी जो ये एहसास कराती हैं कि आखिर क्यों धर्मेंद्र जी हिन्दी सिनेमा के सबसे प्यारे और सबसे प्रभावशाली सितारों में से एक माने जाते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का जलवा, कमाई 100 करोड़ पार



**आदित्य** धर के निर्देशन में बनी रणवीर सिंह की जासूस थ्रिलर धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस ने पहले वीकेंड में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 28 करोड़, दूसरे दिन 33 करोड़ और तीसरे दिन 43 करोड़ रुपए की कमाई की, जिससे कुल कमाई 103 करोड़ रुपए हो गई है। यानी कि धुरंधर ने अपने पहले वीकेंड में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन दोनों में अहम ग्रोथ देखी गई, जो शहरी और आम दर्शकों दोनों के बीच फिल्म की अपील को उजागर करता है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार के अंत तक फिल्म की घरेलू अनुमानित कमाई 69.75 करोड़ रुपए थी। यह रणवीर सिंह की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन सकती है। फिल्म पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड की कहानी पर आधारित है, जिसमें अपराधियों, मुखबिरों और जासूसों का एक जाल दिखाया गया है जो गुप्त अभियान में काम करते हैं। इस एक्शन से भरपूर फिल्म में संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर. माधवन और सारा अर्जुन जैसे कलाकारों ने रणवीर सिंह का साथ दिया है।

## बिग बॉस 19 की ट्रॉफी जीतने के गौरव खन्ना बने 'बिग बॉस 19' के विनर, चमचमाती ट्रॉफी के साथ जीती 50 लाख की प्राइज मनी



**सलमान खान** के रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले काफी शानदार रहा। गौरव खन्ना ने शो की ट्रॉफी अपने नाम की और लाखों की प्राइज मनी भी हासिल की। बिग बॉस का विनर बनकर गौरव की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। वहीं, हाल ही में शो की ट्रॉफी जीतने के बाद एक्टर का फर्स्ट रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, गौरव खन्ना के बिग बॉस 19 का विनर बनने पर तान्या ने इशारों-इशारों में ताना मारा। शो खत्म होने के बाद मीडिया ने तान्या से पूछा कि वह हमेशा कहती थीं कि जीके क्या करेगा, लेकिन अब वह ट्रॉफी जीत गए हैं। इस पर तान्या ने कहा, जीके ने अभी कुछ किया क्या? जीके कुछ करे, नहीं करे। मुझे क्या फर्क पड़ता है। मेरी दुनिया तो मेरे इर्द-गिर्द घूम रही है ना। ट्रॉफी जीतने के बाद गौरव खन्ना ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो जलते थे उसे जलाते थे। उन्हें बिग बॉस 19 के घर की याद आएगी। गौरव खन्ना ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ह्यबिग बॉस खत्म हो गया। मुझे बड़ा मजा आ रहा था यार। इतना बड़ा घर मुंबई में कहां है यार? घर में ही वॉक करता था, मजे करता था और जिम करता था और जो जलते थे उन्हें और जलाता था। बहुत अच्छा सफर रहा। जब मैं आया था तो बहुत लोगों ने सवाल किए थे। ताने मारे कि ये क्यों? ये ऐसा ये वैसा, लेकिन वो लोग ये भूल गए थे कि बिग बॉस एक माइंड गेम है। ये एक मैरिथन है। इसमें मैटर करता है कि लास्ट लाइन कौन क्रॉस करता है। मेरी नजर सिर्फ मंजिल पर थी। मुझे फर्क नहीं पड़ता है कि वो 15-16 लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं क्योंकि मैं बाहर बैठे 150 करोड़ लोगों के बारे में सोच रहा था कि वो मेरे बारे में जो सोचें वो अच्छा होना चाहिए।

गौरव ने आगे कहा, मैं बचपन से ही ऐसा रहा हूं। मैं कभी भी लड़ाई-झगड़े, गाली-गलौच में शामिल नहीं हुआ। मैंने सिर्फ अपना काम किया है। मुझे लगता है कि इस शो में विनर बनने के लिए ये बहुत ही जरूरी चीज है। मुझसे कोई लड़ा भी तो मैंने हमेशा सोचा जवाब दूंगा लेकिन अपने समय पर, अपने ढंग में। सुनना है सुनो वरना आगे बढ़ो। जीत के बाद इंस्टाग्राम पर पत्नी संग शेयर की पोस्टः बिग बॉस 19 की ट्रॉफी जीतने के बाद गौरव खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पहली पोस्ट शेयर की है। इसमें वह पत्नी आकांक्षा के साथ नजर आ रहे हैं और पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, तीन महीने की जर्नी पूरी हुई। क्या समापन हुआ? ट्रॉफी घर पर है। वो कहते थे कि जीके क्या करेगा? जैसा कि हम कहते रहे हैं कि जीके सबके लिए ट्रॉफी घर लेकर आएगा और उन्होंने किया। यह सफर बेहद खूबसूरत तरीके से बेहद रोमांचक रहा है। हमने गौरव के साथ हर दिन, हर उतार-चढ़ाव, हर ताकत और गरिमा के पल को जिया है और आज, यह जीत बेहद निजी लग रही है। यह हम सबकी जीत है। आखिर में उन्होंने लिखा- यह हर उस इंसान की जीत है जिसने उस पर विश्वास किया, जिसने वोट दिया, जो उसके साथ खड़ा रहा, जिसने उसके सपने को अपना बनाया। आज, हम सिर्फ. एक ट्रॉफी का जश्न नहीं मना रहे हैं। हम विश्वास, प्यार और साथ का जश्न मना रहे हैं। हम साथ मिलकर जीत रहे हैं।

## "हम हमेशा साथ हैं पापा चाहे स्वर्ग हो या पृथ्वी..

### धर्मेंद्र के बर्थडे पर बेटी एशा का भावुक पोस्ट, लंबे-चौड़े नोट में छलका दर्द



**बॉलीवुड** के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके जाने के बाद आज उनकी पहली बर्थ एनिवर्सरी मनाई जा रही है। अगर एक्टर जिंदा होते तो आज अपना 90वां जन्मदिन मनाते। लेकिन धर्मेंद्र की गैर मौजूदगी में उनके चाहने वाले बर्थडे पर उन्हें याद करते नजर आ रहे हैं और सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट करते हुए उन्हें विश कर रहे हैं। इसी बीच बेटी एशा देओल ने बर्थ एनिवर्सरी पर अपने दिवंगत पिता को याद किया है और कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए एक लंबा चोड़ा पोस्ट शेयर किया है। एशा देओल ने अपने दिवंगत पिता को बर्थडे विश करते हुए कई तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा- 'मेरे प्यारे पापा। हमारा वादा,सबसे मजबूत बंधन। 'हम', हर जन्म में, हर लोक में और उससे भी आगे, हम हमेशा साथ हैं पापा। चाहे स्वर्ग हो या पृथ्वी- हम एक हैं। फिलहाल, मैंने आपको बहुत कोमलता, बहुत सावधानी और बहुत प्यार से अपने दिल में सहेज लिया है, बहुत गहराई में, ताकि इस जन्म के हर पल में आपको अपने साथ लेकर चल सकूं। आपकी जादुई और अनमोल यादें, जीवन के पाठ, आपकी सीख, आपका मार्गदर्शन, आपकी गर्माहट, आपका बिना शर्त प्रेम, आपकी गरिमा और वह शक्ति- जो आपने मुझे अपनी बेटी होने के नाते दी- उसकी कोई बराबरी नहीं हो सकती।'

एशा ने आगे लिखा- 'मैं आपको बेहद दर्द के साथ याद करती हूं पापा,आपके नरम पर मजबूत हाथ, जिनमें अनकही बातें छिपी होती थी और आपका मेरा नाम लेकर पुकारना, जिसके बाद लंबी बातें, हंसी और शायरियां होती थीं। आपका मूल मंत्र- हमेशा विनम्र रहो, खुश रहो, स्वस्थ और मजबूत रहो। मैं वादा करती हूं कि आपकी विरासत को गर्व और सम्मान के साथ आगे बढ़ाऊंगी। और मैं पूरी कोशिश करूँगी कि आपका प्यार उन लाखों तक पहुंचाऊं, जो आपको उतना ही चाहते हैं, जितना मैं चाहती हूं। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं पापा। आपकी प्यारी बेटी, आपकी एशा, आपकी बिट्टू।' बता दें, धर्मेंद का 24 नवंबर को निधन हो गया था। इससे पहले वे सांस लेने की तकलीफ के बाद करीब 12 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे थे और फिर डिस्चार्ज होने के बाद कुछ दिनों तक घर में उनका इलाज चला था, लेकिन वो जिंदगी की जंग जीत नहीं पाए और 89 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए।



## शतकों का शतक जड़ सकते हैं विराट: गावस्कर

**नई दिल्ली:** भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रन मशीन विराट कोहली को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। सुनील गावस्कर ने दावा किया है कि विराट भी सचिन तेंदुलकर के शतकों के शतक वाले विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। सुनील गावस्कर का ये भी दावा है कि विराट कोहली वर्ल्ड कप 2027 के बाद भी खेल सकते हैं। विराट इस समय सिर्फ वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में एक्टिव हैं और हाल ही में समाप्त हुई साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक नाबाद अर्द्धशतक

विराट कोहली 84 शतक इंटरनेशनल क्रिकेट में जड़ चुके हैं। वह पहले से ही एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज हैं। सुनील गावस्कर ने कहा, अगर वह तीन साल और खेलते हैं, तो उसे यहां से 16 शतक और चाहिए। अगर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में दो और शतक बनाता है, तो वह 86 तक पहुंच जाएगा। इसलिए उसके 100 तक पहुंचने के चांस बहुत ज्यादा हैं, बहुत अच्छे हैं।

## फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी गिरफ्तार 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला



**फिल्ममेकर** विक्रम भट्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही हैं। फिल्ममेकर और उनकी पत्नी को राजस्थान पुलिस ने आईवीएफ फ्रॉड केस में मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि उदयपुर पुलिस ने रविवार को राजस्थान में दर्ज 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में मशहूर फिल्म निमार्ता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से कुछ ही दिन पहले पुलिस ने विक्रम भट्ट और श्वेतांबरी भट्ट समेत छह अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था और सभी आरोपियों को 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया था। वहीं, अब पुलिस ने फिल्ममेकर और उनकी पत्नी पर शिकंजा कस दिया है। उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने एएनआई को बताया कि पुलिस शायद विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को कल उदयपुर लाएगी। अधिकारी ने बताया कि विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और छह अन्य लोगों पर उदयपुर के डॉक्टर अजय मुर्डिया से 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। डॉक्टर अजय मुर्डिया इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के फाउंडर हैं। जानकारी के मुताबिक इस मामले में पहले दो गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

**क्या है पूरा मामला? :** दरअसल, उदयपुर के एक डॉक्टर ने फिल्ममेकर विक्रम भट्ट समेत अन्य लोगों पर ठगी का आरोप लगाया था। उनका कहा था कि विक्रम भट्ट ने उनसे 30 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है और इसके तहत डॉक्टर ने 8 नवंबर को भूपालपुरा थाने में डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी।

दरअसल, 'इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल के मालिक मुर्डिया अपनी गुजर चुकी पत्नी पर बायोपिक बनाना चाहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें 200 करोड़ रुपये की कमाई का वादा किया गया था। लेकिन कुछ नहीं हुआ, जिसके बाद मुर्डिया ने उदयपुर के भोपालपुरा पुलिस स्टेशन में शिकायत की, जहां धोखाधड़ी और दूसरे अपराधों के लिए एफआईआर दर्ज की गई।

### भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा-


## रोहित और कोहली को दें नैसर्गिक खेल खेलने की छूट



**नई दिल्ली:** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। संजय बांगर का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का पिछले कुछ सालों में प्रदर्शन को देखते हुए उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। संजय बांगर ने ये भी कहा है कि रोहित और विराट के वनडे टीम में जगह को लेकर कभी भी बहस नहीं होनी चाहिए।

राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीनियर जोड़ी के 2027 विश्व कप तक फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने को लेकर भले ही संशय में हो सकते हैं, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने पिछले छह वनडे मैचों में तीन शतक (कोहली के दो) और पांच अर्द्धशतक (रोहित के तीन) लगाकर बतला दिया है कि उनका कोई सानी नहीं है। उन्हें किसी युवा खिलाड़ी जितने मैच खेलने की जरूरत नहीं है। आपको उनके साथ अलग तरह से व्यवहार करना होगा और उन्हें अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट देनी होगी।

# टी-20 में भारत का पलड़ा भारी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब तक खेले गए 31 मुकाबले, 18 टीम इंडिया ने जीते



**एजेंसी/ कटकः** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट और वनडे सीरीज समाप्त हो चुकी है। टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 0-2 से हराया, तो वनडे सीरीज में भारत ने 2-1 से जीत दर्ज की। टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद दोनों देशों के बीच अब पांच टी-20 मैचों की रोमांचक सीरीज खेली जानी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरूआत नौ दिसंबर से होगी। पहला टी-20 मुकाबला कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद 11 दिसंबर को दूसरा मुकाबला मुल्लानपुर, चंडीगढ़ में खेला जाएगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी-20 मुकाबला 14 दिसंबर को धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में खेला जाएगा। 17 दिसंबर को चौथा टी-20 मुकाबला इकाना स्टेडियम, लखनऊ में खेला जाएगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम टी20 मैच 19 दिसंबर को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मुकाबला रोमांचक होता रहा है। दोनों देशों के बीच अब तक 31 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 18 मैच जीते हैं, जबकि 12 मैचों में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। एक मैच बेनतीजा रहा है। भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज के सभी मैच शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। नौ दिसंबर को खेले जाने वाले पहले टी-20 मैच के लिए रविवार को भारतीय टीम कटक पहुंची। दोनों टीमों को भुवनेश्वर एयरपोर्ट से चार बसों के जरिए कटक लाया गया। यहां खिलाड़ियों ने करीब 45 मिनट ग्राउंड पर बिताया और फिर होटल लौट गए। मैच को लेकर शहर और स्टेडियम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। करीब 45 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है और उनके लिए सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**भारतीय टीम—** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम—** ऐडन मार्करम (कप्तान), ओटनाइल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जोर्जी, डोनोवोन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, केशव महाराज, लुंगी एंगिडी, ट्रिस्टन स्टब्स, एनरिक नॉर्किया, डेविड मिलर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका।

# गोवा अग्निकांड: छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए चार आरोपी, तीन अधिकारी निलंबित



**पणजी:** गोवा सरकार ने रोमियो लेन क्लब चेन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसके एक आउटलेट में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतिथ्य कंपनी की दो अन्य संपत्तियों को भी सील कर दिया गया है। एक टीम रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई, ताकि प्रॉपर्टी प्रमोटर्स सौरभ लुथरा और गौरव लुथरा की तलाश की जा सके, जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**चार आरोपियों को छह दिन की पुलिस हिरासत:** उत्तर गोवा के अपोर्रा स्थित नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में शनिवार देर रात आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर क्लब के कर्मचारी थे। अंजुना पुलिस ने क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक (49 वर्षीय, निवासी आरके पुरम, नई दिल्ली), महाप्रबंधक विवेक सिंह (27 वर्षीय, निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश), बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया (32 वर्षीय, निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) और गेट प्रबंधक प्रियांशु ठाकुर (32 वर्षीय, निवासी मालवीय नगर, नई दिल्ली) को गिरफ्तार किया है। चारों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

**दो अन्य क्लब और ढाबा पर भी कार्रवाई:** उत्तर गोवा जिला प्रशासन ने वैगेटर और असागाओ में स्थित रोमियो लेन चेन के दो अन्य क्लब और एक तटीय ढाबा भी बंद कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इन दोनों संपत्तियों पर भी कार्रवाई की गई क्योंकि ये विवादों में शामिल थीं।

**लुथरा परिवार की तलाश में दिल्ली गई टीम: मुख्यमंत्री सावंत**

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस की टीम लुथरा परिवार की तलाश में दिल्ली गई है। उन्होंने बताया कि दोनों प्रमोटर्स को गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि आग से जुड़े मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण अतिशबाजी मानी जा रही है। अपोर्रा स्थित नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन पणजी से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इस क्लब के पास कथित तौर पर दमकल विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) भी नहीं था। मारे गए लोगों में 20 नाइट क्लब कर्मचारी और पांच पर्यटक शामिल हैं, जिनमें चार दिल्ली से थे। ज्यादातर मौतें दम घुटने से हुईं, क्योंकि पीड़ित ग्राउंड फ्लोर और किचन में फंस गए थे।

**म्मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और डीजीपी को दिए निर्देश:** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्लब ने अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था। आग से अधिकांश मौतें धुंएं में दम घुटने के कारण हुईं, क्योंकि लोग ग्राउंड फ्लोर और रसोई में फंस गए थे। संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों की पहुंच मुश्किल हुई और पानी के टैंकरों को 400 मीटर दूर पार्क करना पड़ा। छोटे दरवाजे और संकरे पुल के कारण लोगों के लिए भागना मुश्किल था। मुख्यमंत्री सावंत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शनिवार रात पौने ग्यारह बजे क्लब के अंदर अतिशबाजी की गई, जिससे आग लग गई। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव वी. कंदवेलू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आलोक कुमार को निर्देश दिए कि उन सरकारी अधिकारियों की पहचान करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन होने के बावजूद क्लब को संचालन की अनुमति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए और घायल लोगों को 50 हजार रुपये का मुआवजा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के फंड से दिया जाएगा। मृतक कर्मचारी उत्तराखंड, झारखंड, असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के थे। इनमें चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। उनके शवों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार ने दक्षिण गोवा कलेक्टर, दमकल एवं आपात सेवा के उप निदेशक और फॉरेंसिक प्रयोगशाला के निदेशक को जांच समिति बनाने का आदेश दिया है। समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी है।

**सरकार ने तीन अधिकारियों को निलंबित किया:** गोवा सरकार ने जांच शुरू की है और तीन वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित किया गया है, जिनमें पंचायत के तत्कालीन निदेशक सिद्धि तुषार हरलकर, गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सदस्य सचिव डॉ. शमीला मोंटेइरो और अपोर्रा-नागोवा ग्राम पंचायत के सचिव रघुवीर बगकर शामिल हैं। इन्हें 2023 में क्लब को संचालन की अनुमति देने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने शोक जताया:** घटना के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने शोक व्यक्त किया। शुरूआत में पुलिस ने कहा था कि आग सिलेंडर के विस्फोट के कारण लगी, लेकिन कुछ चश्मदीदों ने बताया कि आग क्लब की पहली मंजिल पर शुरू हुई थी, जहां पर्यटक डांस कर रहे थे। पुलिस ने अपोर्रा-नागोवा पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि क्लब के दो मालिकों के बीच विवाद था और उन्होंने पंचायत में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने क्लबों का ऑडिट करने और अधिक लोगों वाले स्थानों की जांच करने का आदेश दिया है।

**विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना:** विपक्ष ने घटना को लेकर राज्य सरकार पर हमला किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल हादसा नहीं बल्कि सुरक्षा और प्रशासनिक विफलता है। कांग्रेस ने भी मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सावंत सरकार का नैतिक अधिकार खत्म हो गया है।

## राजस्थान में नया कानून लागू, सड़क पर लाश रखकर प्रदर्शन करने पर पांच साल की जेल



- शव का 24 घंटे में करना होगा अंतिम संस्कार

-हॉस्पिटल जबरन नहीं रख सकेंगे डेड बॉडी

**एजेंसी/ जयपुर:** राजस्थान में अब डेड बॉडी सडक पर रखकर विरोध प्रदर्शन करने, लाश पर राजनीति करने और बिना वजह अंतिम संस्कार नहीं करने पर एक साल से लेकर पांच साल तक की जेल और जुमार्ना होगा। परिजनों को डेड बॉडी लेनी ही होगी, अगर मना करते हैं, तो उन्हें एक साल की सजा हो सकती है। परिजन विरोध प्रदर्शन के लिए किसी को डेड बॉडी देते हैं, तो उन्हें भी दो साल की सजा होगी। पिछली गहलोत सरकार के समय बने राजस्थान मृतक शरीर के सम्मान अधिनियम के नियम अब लागू हो गए हैं। नियमों के नोटिफिकेशन के बाद अब इसके प्रावधानों के तहत कार्रवाई आसान हो गई है। इस कानून के दायरे में परिजनों से लेकर नेता भी आएंगे। 24 घंटे में डेड बॉडी का अंतिम संस्कार करना होगा।

ऐसा नहीं करने पर पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी। बता दें कि पिछली गहलोत सरकार के समय 20 जुलाई, 2023 को विधानसभा में इसका बिल पारित हुआ था। इसके बाद 17 अगस्त, 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद 18 अगस्त, 2023 से कानून प्रभावी हो गया था, लेकिन इसके नियम नहीं बने थे। नियम नहीं होने से पुलिस को कार्रवाई करने में परेशानी आ रही थी, इस वजह से अब तक इस कानून का इस्तेमाल भी नहीं हो पाया था। अब नियम लागू होने से पुलिस को कार्रवाई करने में आसानी होगी।

## रोहतांग में बर्फबारी, मनाली-लेह मार्ग बंद




**नई दिल्ली:** हिमाचल के अधिक ऊंचाई वाले दर्रों में बेहद ठंड और भारी बफबारी के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग को सोमवार से वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। सोमवार सुबह रोहतांग दर्रा सहित अन्य ऊंची चोटियों पर बर्फबारी दर्ज की गई। जबकि कोकसर, ग्रांफू सहित चंद्र घाटी में बर्फ के फाहे गिरे हैं। ताजा बर्फबारी के बाद घाटी ने सफेद चादर ओढ़ ली है। प्रशासन ने सडकों के फिसलन भरे होने के कारण दारचा से लेह तक यात्रा को असुरक्षित घोषित कर दिया है। लाहुल-स्पीति और लेह प्रशासन के बीच एक ऑनलाइन बैठक के बाद इस मार्ग को 21 नवंबर से 7 दिसंबर तक सीमित अवधि के लिए खुला रखने का निर्णय लिया गया था। इस अवधि के दौरान पर्यटकों को केवल बारालाचा दर्रे तक ही जाने की अनुमति थी।

मार्ग पर ब्लैक आइस (अत्यधिक फिसलन वाली बर्फ की परत) के आगमन से फिसलन काफी बढ़ गई है। इसके चलते प्रशासन ने मार्ग को पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पहले ही ग्राम्फू-लोसर मार्ग को यातायात के लिए बंद कर चुका है। अब मनाली-लेह मार्ग भी दारचा से आगे अगले आदेश तक बंद रहेगा। दर्रों में भीषण ठंड, बर्फबारी और तेजी से गिरते तापमान के कारण सडकों की स्थिति खराब हो गई है। उपायुक्त किरण भडाना ने बताया कि यह निर्णय बीआरओ (सीमा सडक संगठन) से मिले फीडबैक और लद्दाख प्रशासन के साथ समन्वय के बाद लिया गया है। यह मार्ग अब आधिकारिक तौर पर अगले वर्ष मई-जून में खुलेगा। राज्य और लद्दाख को जोड़ने वाला यह रणनीतिक मार्ग हर सर्दी में बंद हो जाता है। इस बीच, राज्य के सभी हिस्से भीषण ठंड की चपेट में हैं, जहां तापमान दिन-ब-दिन गिर रहा है। अधिकारियों ने लोगों को रात के समय अपने घरों में रहने की सलाह दी है, क्योंकि पूरे राज्य में, विशेष रूप से नदियों से सटे क्षेत्रों में, कोहरा छाया हुआ है।

लुधियाना में भीषण हादसा

## देर रात डिवाइडर से टकराई बेकाबू कार दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत



**लुधियाना :** लुधियाना में लाडोवाल के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग जगरांव एरिया के थे। सूचना मिलने के बाद थाना लडोवाल की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देर रात को पांचों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कार में तीन लड़के और दो नाबालिग लड़कियां थी। सभी जगरांव से होते हुए अमृतसर की तरफ जा रही थीं। उनकी कार काफी तेज रफ्तार थी और बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी की मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और शवों को बाहर निकाला। थाना लाडोवाल की पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतकों के परिवार वालों का पता लगाने में जुटी है।

## दिल्ली आने वाले सिंगापुर एयरलाइन के जहाज में आई बड़ी खराबी, रनवे से वापस लौटा विमान, बाल-बाल बचे यात्री




**नई दिल्ली:** सिंगापुर से दिल्ली आने वाली फ्लाईट में रद 402 में सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर अचानक बड़ी खराबी आ गई। विमान में 300 से ज्यादा यात्रा सवार थे और सभी ने दिल्ली पहुंचना था। फ्लाईट रात 2.20 मिनट पर टेकऑफ होनी थी और सभी यात्री बैठ भी गए थे।

रनवे पर विमान दौड़ने लगा और तभी उसमें कोई बड़ी खराबी आ गई, जिसके चलते यात्रियों को विमान से उतारकर वापस एयरपोर्ट पर छोड़ दिया गया। उसके तीन घंटे बाद नया विमान आया, जिसमें सवार होकर सभी यात्री दिल्ली पहुंचे। ये विमान भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह 8.30 बजे पहुंचा। हालांकि पहली फ्लाईट में खराबी क्या आई, इस बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है।

पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर रची पति की हत्या की साजिश

## डेढ़ लाख का किया सौदा ,दो सुपारी किलर सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**पटना:** बिहार में सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से अवैध हथियार के साथ कारतूस एवं नगद राशि भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में महेशुआ गांव निवासी शशिरंजन जयसवाल की शादी कुछ बर्ष पहले मधेपुरा जिले के घैलाढ़ गांव के सोनी कुमारी की शादी हुई थी, लेकिन शादी के बाद भी सोनी कुमारी अपने प्रेमी ब्रजेश कुमार से बातचीत चल रही थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सोनी कुमारी और ब्रजेश कुमार ने एक योजना के अनुरूप शशिरंजन जयसवाल को अपने रास्ते हटाने का फैसला लिया और भाड़े के दो अपराधियों रुपेश कुमार और सुधांशु कुमार से डेढ़ लाख का सौदा किया और एक लाख रुपए अग्रिम भुगतान भी कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि योजना के अनुरूप जब 26 नवंबर को लाल पट्टी गांव से शशिरंजन जायसवाल अपने घर लौट रहे थे तो महेशुआ के पोखरा के समीप दोनों ही अपराधियों ने उनपर गोलियां चलाई, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। शरथ ने कहा कि अपराधियों की धड़पकड़ के लिए त्रिवेणीगंज के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विभाष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। अनुसंधान में सोनी कुमारी एवं उसके प्रेमी के दौरान इस मामले में अपनी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है तथा दो शूटरों के नाम भी बताए हैं। दोनों के बयान के अनुसार घटना में लिप्त शूटरों रुपेश कुमार और सुधांशु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोनी कुमारी, ब्रजेश कुमार रुपेश कुमार और सुधांशु कुमार के यहां छापेमारी में पुलिस ने 62 हजार रुपए,दो देसी पिस्तौल पांच कारतूस ,पांच मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सोनी कुमारी, ब्रजेश कुमार, रुपेश कुमार और सुधांशु कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# इंडिगो का सिस्टम हुआ क्रैश? 5 दिन में 2000 उड़ानें रद्द, रेलवे स्टेशन जैसे दिखे एयरपोर्ट




**नई दिल्ली:** देश की सबसे भरोसेमंद और ऑन-टाइम मानी जाने वाली एयरलाइन इंडिगो इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पिछले पांच दिनों के भीतर 2000 से ज्यादा उड़ानों के रद्द होने से देश भर के हवाई अड्डों का नजारा किसी व्यस्त रेलवे स्टेशन जैसा हो गया है। आखिर देश की सबसे मजबूत एयरलाइन का पूरा सिस्टम ताश के पत्तों की तरह कैसे बिखर गया और क्यों हजारों यात्री एयरपोर्ट पर रात गुजारने को मजबूर हुए, इसकी वजहें अब परत-दर-परत सामने आ रही हैं। यह संकट रातों-रात नहीं खड़ा हुआ, बल्कि इसके पीछे पायलटों की कमी, नए सरकारी नियम और तकनीकी खामियों का एक मिला-जुला तूफान है।

इस संकट की असली शुरूआत कुछ हफ्ते पहले ही फ्लाइट्स में देरी और तकनीकी खराबी के साथ हो गई थी, जिसे एयरलाइन मौसम और भीड़ का बहाना बनाकर टाल रही थी। लेकिन स्थिति तब बेकाबू हो गई जब सरकार ने पायलटों की थकान दूर करने के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) के नए और सख्त नियम लागू कर दिए। इन नियमों के तहत पायलटों को अनिवार्य आराम देना जरूरी हो गया। इंडिगो पहले से ही स्टाफ की कमी से जूझ रही थी और नए नियमों के चलते बड़ी संख्या में पायलटों को रोस्टर से हटाकर रेस्ट पर भेजना पड़ा। बैकअप स्टाफ न होने के कारण उड़ानों को रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई, बल्कि एयरबस अ320 विमानों से जुड़े एक सुरक्षा अलर्ट ने आग में घी का काम किया। रात की उड़ानों के दौरान तकनीकी चेतावनी आने के बाद कई लेट-नाइट फ्लाइट्स को तुरंत रद्द करना पड़ा। चूंकि नए नियम रात 12 बजे के बाद प्रभावी हो चुके थे, इसलिए अचानक हुए रद्दीकरण से क्रू की उपलब्धता का पूरा गणित बिगड़ गया। इंडिगो का विशाल नेटवर्क, जो कभी उसकी ताकत था, इस बार उसकी कमजोरी साबित हुआ। नेटवर्क इतना बड़ा था कि एक जगह शेड्यूल बिगड़ते ही पूरे देश में इसका चेन रिएक्शन हुआ और हजारों क्रू मेंबर्स व विमान गलत जगहों पर फंस गए।

बढ़ते बवाल को देखते हुए डीजीसीए ने अब यू-टर्न लेते हुए उस नियम को वापस ले लिया है, जिसमें पायलट के साप्ताहिक आराम को छुट्टी से बदलने की मनाही थी, जिससे एयरलाइन को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, पायलट यूनियन ने सीधे तौर पर मैनेजमेंट को कटघरे में खड़ा किया है। उनका आरोप है कि प्रबंधन को नए नियमों की जानकारी पहले से थी, लेकिन उन्होंने भर्तियां करने के बजाय स्टाफ कम करने की नीति अपनाई, जिसका खामियाजा अब भुगतना पड़ रहा है। वजह चाहे तकनीकी हो या प्रशासनिक, लेकिन इस मिस-मैनेजमेंट की असली सजा आम जनता भुगत रही है, जिसे रद्द उड़ानों और आसमान छूते किराए के बीच पिसना पड़ रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## मंत्री आवास का घेराव करने मनरेगा कर्मी रांची रवाना

**चक्रधरपुर :** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को मंत्री आवास का घेराव करने चक्रधरपुर और बंदगांव प्रखंड के बड़ी संख्या में रांची रवाना हुये। चक्रधरपुर और बंदगांव प्रखंड के मनरेगा कर्मी चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास एकत्रित हुये और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रांची रवाना हुये। मौके पर कर्मचारी संघ के नेता सदानन्द होता ने कहा कि मनरेगा कर्मियों की मांग जायज है। बता दे कि मनरेगा कर्मी नियमीतीकरण, सेवा सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री आवास के घेराव का आह्वान किया है।

## महा परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ भीम राव अंबेडकर

**चक्रधरपुर:** चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में सोमवार को महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर भारत रत्न डा।भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर डीआरएम कार्यालय परिसर में डीआरएम तरुण हुरिया सहित अन्य रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर डीआरएम ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में मंडल के अधिकारी और रेल कर्मी मौजूद थे।

## मानगो में दोपहर 2 बजे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू होगी

**जमशेदपुर :** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से सोमवार सुबह 11 बजे से मानगो के विभिन्न इलाकों में बिजली कट गई। सहायक अभियंता ने बताया कि डिमना पावर सब स्टेशन में डैमेज पोल बदलने का कार्य किया जा रहा हैं, जिसके चलते बिजली आपूर्ति बंद की गई है। दोपहर 2 बजे के बाद बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी।

## ट्रेनों में चेन पुलिंग करने वालों पर आरपीएफ की नजर

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल की ट्रेनों में चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ टाटानगर-आदित्यपुर समेत अन्य स्टेशनों पर आरपीएफ के जवान चौकन्ना है। रविवार को भी दो लोगों को पकड़ा गया। रेलवे जोन के अनुसार, चक्रधरपुर मंडल में नंवबर में अलार्म चेन पुलिंग के 93 मामला दर्ज हुआ। इनमें से 87 मामलों के आरोपियों पर रेलवे प्रावधान के तहत आवश्यक आरपीएफ ने की है। 58 मामलों के आरोपी ने दोष स्वीकार कर 46 हजार जुमार्ना वसूल भरा है। दरअसल, चक्रधरपुर मंडल ट्रेन संचालन में सुरक्षा, अनुशासन और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के चेन पुलिंग मामले में त्वरित कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है।

## ऋषिकेश से उत्कल 12 घंटे लेट आई टाटानगर

**जमशेदपुर :** ऋषिकेश से रविवार शाम की पुरी उत्कल एक्सप्रेस 12 घंटे से ज्यादा लेट चलकर सोमवार सुबह 6.30 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंची। इससे कोल्हान, ओडिशा व बंगाल समेत 10 राज्य के हजारों यात्रियों को परेशानी हुई। इधर, मुंबई और अहमदाबाद हावड़ा एक्सप्रेस भी 5-6 घंटे लेट से चलकर सोमवार दोपहर में टाटानगर आई जबकि, हावड़ा से इस्पात व जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत विभिन्न मार्ग की आधा दर्जन ट्रेनें करीब डेढ़ महीने से रोज लेट चल रही है। यात्रियों का आरोप है कि, ट्रेनें चक्रधरपुर मंडल में आकर ज्यादा लेट होती है।

## टाटा स्टील इंटर कॉरपोरेट स्पोर्ट्स (क्रिकेट) टूर्नामेंट में सिंहभूम चैम्बर चैंपियन

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा आयोजित पहली इंटर कॉरपोरेट स्पोर्ट्स (क्रिकेट) टूनामेंट 2025 का समापन शनिवार को टीएसजी क्रिकेट ग्राउंड, गम्हरिया में हुआ। आठ टीमों की भागीदारी वाले इस आयोजन में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने खिताब जीता, जबकि एचडीएफसी बैंक जमशेदपुर उपविजेता रहा। तीसरा स्थान टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन को मिला।टाटा स्टील के इस पहले बड़े आयोजन ने विभिन्न कॉरपोरेट संस्थानों को एक मंच पर जोड़ते हुए सौहार्द और सहभागिता का संदेश दिया। टूनामेंट की विशेष पहल रही–प्रत्येक टीम में कम से कम दो महिला खिलाड़ियों की अनिवार्य शामिली–जिसका उद्देश्य खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना था।सिंहभूम

चैम्बर के भूपेंद्र यादव ह्यमैन ऑफ द टूनामेंटह्व चुने गए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार भी चैम्बर टीम को मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज टिनप्लेट डिवीजन के शादाब और सर्वश्रेष्ठ फील्डर टिम्केन के करण सिंह रहे।समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरायकेला की डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर रीना हांसदा ने पुरस्कार वितरित किए। टाटा स्टील अब 13झ्14 दिसंबर को बैडमिंटन और 14 दिसंबर को रिले प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

## शहीद निर्मल महतो जयंती कार्यक्रम सहित कई अहम निर्णय

**जमशेदपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति की बैठक नगर अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू की अध्यक्षता में बाबा तिलका मांझी चौक स्थित मुर्मू कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक में 25 दिसंबर को वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने और उलियान, कदमा स्थित शहीद स्थल पर दल-बल के साथ शामिल होने का निर्णय लिया गया। नगर निगम चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशी चयन और वार्ड कमेटियों को प्रतिदिन तीन जनसमस्याएं व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करने के निर्देश दिए गए। मानगो क्षेत्र में सदस्यता अभियान तेज करने पर भी सहमति बनी। बैठक में शेख बदरुद्दीन, प्रभात सिंह, दीपक मुर्मू समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमशेदपुर पहुंचे पं. बंगाल के राज्यपाल

**जमशेदपुर :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस से सोमवार सुबह टाटानगर स्टेशन पहुंचे। राज्यपाल के आने पर जमशेदपुर पुलिस के दर्जनों दर्जनों अधिकारी स्टेशन पर मौजूद थे और टाटानगर स्टेशन सुरक्षा सख्त कर दी गई थी। वहीं, कई वरिष्ठ रेल अधिकारी स्टेशन पर सतर्क थे। बताया जाता है कि, राज्यपाल को ओडिशा के रायरंगपुर जाना है। इससे जमशेदपुर के सर्किट हाउस में कुछ देर रुककर राज्यपाल सड़क मार्ग से रायरंगपुर रवाना हुए। राज्यपाल की वापसी 10 दिसंबर को रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन से होगी।

## कल धनबाद होकर जोधपुर के लिए चलेगी स्पेशल

धनबाद : नौ दिसंबर को धनबाद होकर हावड़ा से जोधपुर के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है। 04808 हावड़ा-जोधपुर स्पेशल नौ दिसंबर की रात 11 बजे हावड़ा से खुलेगी। ट्रेन सुबह 4.15 बजे धनबाद, गया, सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, गोविंदपुरी, इटावा, टुंडला, ईदगाह, भरतपुर व जयपुर होते हुए अगले दिन सुबह 11.50 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

### केंदुआडीह में गैस रिसाव मामलाः धनबाद पहुंचे कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक, कहा

# स्थिति भयावह, तत्काल शिफ्टिंग की जरूरी

संवाददाता

**धनबाद :** जिले के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस के रिसाव की जानकारी मिलने के बाद कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक धनबाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जहरीले गैस का प्रकोप लगातार बढ़ता जाएगा। इसका एक मात्र समाधान लोगों को शिफ्ट करना है।

बीसीसीएल अधिकारियों संग बैठक की

धनबाद पहुंचे कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक ने बीसीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक कर वर्तमान हालात की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीसीसीएल के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक ने डीसी आदित्य रंजन से मिलकर गैस प्रभावित क्षेत्र में बसे लोगों के बारे में जाना। साथ ही उन्होंने प्रभावित इलाके का दौरा किया और लोगों से मिलकर उनका हाल जाना।

जानकारी देते कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक और बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल। (वीडियो-ईटीवी भारत)

प्रभावित क्षेत्र में रहना खतरे से खाली नहींः अच्युत घटक

मीडिया से बातचीत के दौरान कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में जहरीली गैस का प्रभाव लगातार बढ़ता जाएगा। इस कारण प्रभावित क्षेत्र में लोगों का रहना खतरे से खाली नहीं है और इसका उपाय मात्र विस्थापन है। लोगों को जल्द से जल्द वहां से हटाकर सुरक्षित स्थानों में शिफ्ट करना होगा। उन्होंने साफ कहा कि गैस रिसाव की परेशानी आगे और भी बढ़ेगी।

बढ़ने वाली है गैस रिसाव की समस्या

उन्होंने बताया कि बीसीसीएल ने कुल 81 साइट खतरनाक क्षेत्र चिन्हित कर रखें हैं, केंदुआडीह भी उनमें शामिल है। क्या अन्य साइट पर भी इसका असर देखने को मिलेगा? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जबतक स्टडी ना हो जाए यह स्पष्ट रूप से कहा नहीं जा सकता है, लेकिन केंदुआडीह साइट पर गैस रिसाव की समस्या बढ़ती जाएगी। उसे तुरंत रोका नहीं जा सकता है। शिफ्टिंग में बीसीसीएल और जिला प्रशासन को और भी तेजी लाने की जरूरत है।

प्रभावित क्षेत्र के लोगों की शिफ्टिंग जरूरीः सीएमडी

वहीं बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि घटना काफी दुखदाई है। बीसीसीएल जीएम जीसी साहा को सस्पेंड किया गया है। भविष्य में अगर घटना की पुनरावृत्ति होती है तो कोई भी अधिकारी बख्शे नहीं



जाएंगे, लेकिन हम सब मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आगे किसी तरह की कार्रवाई की नौबत ना आए। एक मात्र उपाय सभी लोगों को प्रभावित क्षेत्र से दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराना है। रैयतों को लेकर उन्होंने कहा कि उनका सर्वे किया जाएगा।2005 में सर्वे हुआ था।अब सीओ सर्वे कर फिर से रिपोर्ट देंगे। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इधर, धनबाद के केंदुआडीह में जहरीले गैस का कहर लगातार चौथे दिन भी जारी है। लोग लगातार जहरीली गैस की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं। वहीं, क्षेत्र में शासन-प्रशासन का दौरा भी लगातार जारी है।

धनबाद-रांची मुख्य मार्ग भी खतरे मेंः डीसी

कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक और बीसीसीएल सीएमडी के साथ हुई बैठक के बाद डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि उक्त क्षेत्र में जहरीली गैस का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। आलम यह है कि धनबाद-रांची मुख्य मार्ग भी अब खतरे में है। ऐसे में वहां के लोगों को विस्थापित करना ही इसका एक मात्र उपाय है। उन्होंने बताया कि जल्द ही उक्त क्षेत्र में विस्थापन को लेकर कैंप लगाया जाएगा और लोगों की मांगें जानने का प्रयास किया जाएगा, ताकि लोग स्वेच्छा से उस जगह को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले जाएं।

तो भोपाल गैस त्रासदी जैसी हो जाएगी स्थितिः चंद्रदेव महतो

इधर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने केंदुआडीह पहुंचकर गैस प्रभावित इलाके का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से हाल जाना। विधायक ने बीसीसीएल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों से विधायक असंतुष्ट नजर आए

विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से कोई कारगर उपाय नहीं किए जा रहे हैं। यदि ऐसा ही रहा तो यहां की स्थिति भोपाल गैस त्रासदी जैसी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी अधिकारी यहां आए हैं सभी ने सिर्फ भय का माहौल बनाने का काम किया है। किसी ने भी गैस रिसाव को रोकने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की है।

उन्होंने कहा कि बीसीसीएल लोगों को डरा कर यहां से भगाने पर तुली है, जो होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि लोगों को यहां से खाली कराना है तो लोगों को समुचित व्यवस्था देनी होगी। केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से गैस रिसाव को बंद करने की जरूरत है, नहीं तो फिर किसी दूसरे जगह से उसके निकलने की व्यवस्था करनी चाहिए। इस दिशा में कोई भी काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन जिम्मेदारी से भाग रहा है।

बीसीसीएल की व्यवस्था पर उठाए सवाल

उन्होंने बीसीसीएल के द्वारा दी गई व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। विधायक ने कहा कि एक जगह में रहने के लिए कैंप बनाया गया है, लेकिन वहां खाने-पीने तक की व्यवस्था नहीं की गई है। सिर्फ दिखावा के लिए कैंप बनाया गया है, ताकि ऊपर में रिपोर्ट दिखाया जा सके। वह सिर्फ अपनी उपलब्धि गिना रहे हैं।

# धनबाद गैस रिसाव मामलाः अलर्ट मोड पर सभी अस्पताल



संवाददाता

**धनबाद :** जिले के केंदुआडीह में गैस रिसाव को देखते हुए स्थानीय अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि प्रभावित लोगों की जान बचाई जा सके। कुसतौर रीजनल अस्पताल प्रभावित क्षेत्र से सबसे नजदीक है, जहां मरीजों को भर्ती कराया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों का इलाज चल रहा है। कई मरीजों ने गैस त्रासदी की भयावह स्थिति अपनी जुबानी बयां की।

कुसतौर रीजनल अस्पताल में गैस रिसाव से पीड़ित मरीजों का आनाजाना लगा हुआ है। किसी की स्थिति गंभीर है तो कोई अति गंभीर है। हर उम्र के लोग जहरीली गैस रिसाव से प्रभावित हुए हैं।

मरीजों ने सुनाई आपबीती

अस्पताल में इलाजरत मरीजों ने बताया कि गैस रिसाव शुरू होने के बाद उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी और उल्टी होने लगी। कुछ मरीज बेहोश भी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एम्बुलेंस के सहारे उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

कुसतौर रीजनल अस्पताल अलर्ट

वहीं,अस्पताल के डॉक्टर शशि कुमार रवि ने बताया कि केंदुआडीह गैस रिसाव मामले को लेकर कुसतौर रीजनल अस्पताल पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। ऑक्सीजन से लैस छह एम्बुलेंस प्रभावित क्षेत्र में तैनात है, ताकि गैस से प्रभावित मरीजों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि अब तक अस्पताल में गैस से प्रभावित कुल 18 मरीज आ चुके हैं। जिनमें से 14 को एडमिट किया गया है और बाकी मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुसतौर रीजनल अस्पताल में 08 मरीज इलाजरत हैं, जिन्हें जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। डॉक्टर शशि कुमार रवि के अनुसार गैस से प्रभावित मरीजों में सांस लेने में दिक्कत, चक्कर आना, उल्टी और बेहोशी के लक्षण पाए गए हैं।

## विधायक श्वेता सिंह अपने एक वर्ष के कार्यकाल में बेहतर कार्य किया

बिनय मिश्रा



बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने जनमानस के आकांक्षा अनुरूप विकास कार्यों को भरपूर गति दिया है जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना जन-प्रतिनिधि चुना उसके अनुरूप वे पूरे विधानसभा क्षेत्र का भरपूर विकास कर यह संदेश दिया है कि वह जनता के आकांक्षाओं पर पूर्ण रूपेण खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया है श्वेता सिंह के बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो का ही यह परिणाम है कि वह लोकप्रिय विधायक के रूप में पहचानी जाती हैं बोकारो में उनके ससुर समरेश सिंह की भी सशक्त पहचान और व्यापक जनाधार और जनप्रिय नेता के रूप में रही है वे बोकारो विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीतकर झारखंड सरकार में साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्री भी रहे थे और अपने बेबाक बातों और उत्कृष्ट राजनीति के फल स्वरुप पूरे राज्य में अपने सशक्तपहचान भी बनाई थी अभिभाजित बिहार के समय भी समरेश सिंह जनाधार और सशक्त राजनीतिज्ञके रूप में हमेशा पहचाने जाते रहे हैं झारखंड अलग राज्य के लिए उनके द्वारा किए गए आंदोलन और प्रयास आज भी याद किए जाते हैंउनकी राजनीतिक विरासत को श्वेता सिंह ने संभालने के साथ-साथ जन-विश्वास के अनुरूप कार्य कर लोकप्रिय विधायक के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाई है ऐसे राजनीतिक और जैन प्रतिनिधि से लोगों का विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ राज्य का भी नाम राजनीतिक क्षेत्र में गूंजता है ऐसे जनप्रतिनिधि से निश्चित तौर पर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को हमेशा गर्व औरनाज रहता है।

## ठंड से बचाव के लिए थाना प्रभारी ने किया कंबल वितरण

संवाददाता

**गुवा :** गुवा क्षेत्र में लगातार बढ़ती शीतलहर से गरीब, वृद्ध और जरूरतमंद लोग कठिनाई का सामना कर रहे हैं। शाम होते ही ठंड का असर तेज हो जाता है, जिससे खुले स्थानों या कच्चे घरों में रहने वाले ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। इसी हालात को देखते हुए गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए जरूरतमंदों की सहायता का सराहनीय कदम उठाया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने अपनी टीम के साथ देर रात विभिन्न इलाकों में जाकर ऐसे वृद्ध, असहाय और खुले में रहने



वाले लोगों की तलाश की, जिन्हें ठंड से राहत की सख्त जरूरत थी।

रात्रि गश्ती के दौरान उन्होंने खुद सड़क किनारे, बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड और आसपास के ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम कर कंबल वितरित किए। अचानक मिले इस मानवीय सहयोग से ग्रामीणों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्य ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित होते हैं। कंबल वितरण के दौरान थाना प्रभारी ने लोगों को ठंड से बचने के लिए सावधानियां बरतने की भी सलाह दी। इस मानवीय पहल ने पुलिस और जनता के बीच विश्वास की भावना को और मजबूत किया है।

## चूना शाह बाबा का 55वां सालाना उर्स 20 को

**जमशेदपुर :** चूना शाह बाबा का 55वां सालाना उर्स 20 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन चूना शाह बाबा युवक समिति एन रोड बिष्टूपुर करेगी। इस मौके पर सुबह 8 बजे से कुरानख्वानी, दोपहर 3 बजे से चादरपोशी, शाम 6 बजे से सर्वधर्म सभा एवं गरीबों के बीच कंबल वितरण और रात 9 बजे से कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। कव्वाली प्रस्तुत करने नागपुर के कव्वाल नसीम जानी और वाहिद चिस्ती आएंगे, जिनके बीच मुकाबला होगा। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता शैलेन्द्र सिंह चंदेल ने विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि कार्यकम के मुख्य अतिथि मंत्री दीपक बिरुवा होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, विधायक सोमेश चंद्र सोरेन, आस्तिक महतो जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में मनोज सिंह, इंद्रदेव प्रसाद और हाजी कुतुबुद्दीन शामिल हैं।

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आलोक गिरोह के चार सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

**हजारीबाग :** पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। छापेमारी के दौरान चार कुख्यात अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो पहले टीपीसी के लिए काम करते थे। ये सभी अपराधी आलोक गिरोह के नाम से इलाके में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल, एक कार्बाइन गन, 9 जिंदा कारतूस, 8 मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किया है।

बड़ी घटना को अंजाम देने के था प्लान

हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी हथियार और गोली के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बुंडू के जंगल में जमा हुए हैं। जिसके बाद बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 अपराधी अर्जुन करमाली उर्फ जयकांत उर्फ भैरव सिंह, समीर कुमार, राहुल कुमार और निखिल विश्वकर्मा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रतिबंधित टीपीसी नक्सली संगठन के थे सक्रिय सदस्य

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में



अर्जुन करमाली ने पुलिस को बताया कि वे सभी पहले प्रतिबंधित संगठन टीपीसी में सक्रिय सदस्य थे। बाद में अलग होकर आलोक गिरोह बना लिया। जिसको राहुल तूरी संचालित करता था। लेकिन राहुल तूरी के मारे जाने के बाद आलोक गिरोह का संचालन अर्जुन करमाली कर रहा था। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि 23 नवंबर की रात इसी संगठन ने बुंडू के रूपलाल करमाली की घर में घुसकर डायन बिसाही का आरोप लगाकर गोली मारकर हत्या की थी।

एसपी ने कहा कि आलोक गिरोह रामगढ़, रांची, चतरा और हजारीबाग में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि गिरोह द्वारा एनटीपीसी और इसके एमडीओ कंपनी और ट्रांसपोर्टों से लेवी वसूली घटना को अंजाम देता था। एसपी ने बताया कि केरेडारी के रहने वाले अर्जुन करमाली उर्फ भैरव पर 15 मामले हजारीबाग, चतरा और रांची के कई थानों में दर्ज हैं।